卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

वर्ष 24 | अंक 277 | पृष्ठ 8 | रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) | शुक्रवार | 19 जुलाई 2024 | मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानों के आगे लिखनी होगी पहचान

### यूपी के बाद हरिद्वार पुलिस ने भी जारी किया आदेश

लखनऊ/हरिद्वार(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री योगी ने कांवड़ यात्रियों के लिए बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पूरे यूपी में कांवड़ मार्गों पर खाने पीने की दुकानों पर संचालक मालिक का नाम पहचान लिखना होगा। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रियों की आस्था की शुचिता बनाए रखने के लिए यह फैसला लिया गया है। इसके अलावा हलाल सर्टिफिकेशन वाले प्रोडक्ट बेचने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई होगी। यूपी के बाद हरिद्वार पुलिस ने भी दुकानों पर मालिक का नाम लिखने का आदेश जारी कर दिया है। बता दें 22 जुलाई से सावन का पावन महीना शुरू हो रहा है। सावन के पहले दिन से कांवड़ यात्रा शुरू हो जाएगी। यात्रा से पहले पुलिस के एक आदेश से विवाद गरमा गया है। योगी सरकार ने कांवड़ रूट के दुकानों-ठेले वालों के लिए एक आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि सभी दुकानों, ठेलों पर अपना नाम लिखें जिससे कांवड़ यात्री जान सके कि किस दुकान से सामान खरीद रहे हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा है कि पूरे उत्तर प्रदेश में कांवड़ मार्गों पर खाने पीने की दुकानों पर 'नेमप्लेट' लगानी होगी और दुकानों पर संचालक मालिक का नाम और पहचान होगा लिखना। शासन के मुताबिक कांवड़ यात्रियों की आस्था की शुचिता बनाए रखने के लिए यह फैसला लिया गया है और हलाल सर्टिफिकेशन वाले प्रोडक्ट बेचनेवालों पर भी कार्रवाई होगी। वहीं उत्तर प्रदेश की (शेष पृष्ठ सता पर)

## गुलदार ने छात्र को बनाया निवाला

देवप्रयाग (उद संवाददाता)। गुरुवार देर रात गुलदार ने एक छात्र को निवाला बना लिया। किशोर का क्षत-विक्षत शव कई घंटे की खोजबीन के बाद घटनास्थल से काफी दूरी पर स्थानीय लोगों और वन विभाग की टीम ने बरामद किया। किशोर का शव मिलने के बाद से ही पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे गुलदार को पिंजरे में कैद कर लिया गया। जानकारी के मुताबिक देवप्रयाग तहसील में स्टाम्प विक्रेता बलवंत सिंह चौहान का 17 वर्षीय पुत्र अनुराग देवप्रयाग डिग्री कॉलेज में क्रिकेट खेलने गया था। जब वह करीब सात बजे खेलकर लौट रहा था, तो अचानक घात लगाकर बैठे गुलदार ने उस पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के शोर मचाने पर भी गुलदार ने (शेष पृष्ठ सता पर)



## लेह में उत्तरकाशी के जवान का निधन,सीएम ने जताया शोक

देहरादून (उद संवाददाता)। लेह लद्दाख सीमा पर तैनात उत्तरकाशी जिले की बड़कोट तहसील के लाल श्रवण चौहान का अचानक तबीयत बिगड़ने से निधन हो गया। श्रवण के निधन की सूचना से उसके गांव सहित क्षेत्र में शोक की लहर है। श्रवण कुमार भारतीय सेना की 14वीं बटालियन में लेह लद्दाख सीमा पर तैनात थे। बृहस्पतिवार को अचानक उनका स्वास्थ्य खराब होने पर सेना ने उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान श्रवण का देहांत हो गया। श्रवण का पार्थिव शरीर सुबह चंडीगढ़ पहुंचाया गया। चंडीगढ़ से भारतीय सेना एंबुलेंस के जरिए सड़क मार्ग से जवान का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव सरनौल पहुंचाएगी। जिला पंचायत सदस्य आनंद सिंह राणा ने बताया कि श्रवण चौहान पांच भाई बहनों में से चौथे नंबर के थे। इनका एक बड़ा (शेष पृष्ठ सता पर)



## कमिश्नर ने रुद्रपुर और किच्छा में निर्माण कार्यों का लिया जायजा

रूद्रपुर/किच्छा (उद संवाददाता)। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने आज यहां किच्छा रोड से ग्राम डिबडिबा, अमेनिटी स्कूल होते हुए पारले चौक तक बनाई जा रही रिंग रोड का जायजा लेकर कार्य की गति पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे समय सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के कार्यदायी संस्था एनएच के अधिकारियों को निर्देश दिये। यहां किच्छा मार्ग पर राधास्वामी सत्संग के पास निर्माणाधीन रिंग रोड़ का निर्माण करा रहे एनएच विभाग के परियोजना निदेशक विकास मित्तल द्वारा कमिश्नर रावत को बताया गया कि रुद्रपुर बाईपास सड़क किच्छा रोड एनएच 74 से एनएच 87 रामपुर रोड-काशीपुर रोड से होते हुए सिडकुल के पास नैनीताल रोड को जोड़ेगी। जिसकी कुल लम्बाई 20.64 किलोमीटर है और इसकी कुल लागत 1152 करोड़ रुपए धनराशि की है। बाईपास पर दो आरओबी छ: सेतु बनाये जाएंगे। कार्यदायी संस्था ने बताया कि कार्य त्वरित गति से किया जा रहा है, कार्य पूर्ण करने की अवधि जुलाई 2026 है, लेकिन कार्य को निर्धारित अवधि से पहले पूर्ण कर लिया जाएगा।और सम्भवतया वर्ष 2025 तक निर्माण कार्य पूर्ण कर जनता के लिएखोल दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि मार्ग में ग्राम बिंदूखेड़ा में सड़क निर्माण में अतिक्रमण को लेकर कुछ बाधायें आ रही हैं जिनका समाधान शीघ्र किया जाना आवश्यक है। उनका कहना था कि मार्ग निर्माण होने से दिल्ली व नैनीताल जाने (शेष पृष्ठ सता पर)





## व्यापार मण्डल चुनाव के लिए शक्ति प्रदर्शन के साथ हुए नामांकन

किच्छा(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई के नामांकन पत्र दाखिल किये। व्यापार मण्डल चुनाव प्रक्रिया के तहत गुरुवार लिए दस नामांकन खरीदे गये थे। शुक्रवार को चुनाव संचालन समिति के नामांकन पत्र वितरण के बाद नामांकन जमा करने की प्रक्रिया शुरू हुयी।







चुनाव के लिए गुरूवार को गहमागहमी के बीच नामांकन पत्र दाखिल किये गये। प्रत्याशियों ने शक्ति प्रदर्शन के साथ प्रात: दस बजे नामांकन पत्रों का वितरण शुरू हुआ। इससे पहले गुरूवार को अध्यक्ष महामंत्री और कोषाध्यक्ष पदों के अध्यक्ष सतपाल गाबा के प्रतिष्ठान पर तीनों पदों के लिए कई प्रत्याशियों ने नामांकन खरीदे। दोपहर 12 बजे तक सर्वप्रथम महामंत्री पद के लिए शिव कुमार मित्तल ने जुलूस निकालते हुए अपना नामांकन (शेष पृष्ठ सता पर)

## खाते में बिना लेन-देन के बैंक ने भेज दिया 21 लाख का नोटिस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम दानपुर भगवानपुर के एक किसान द्वारा अपने बैंक खाते में पिछले कई वर्षों से कोई लेन देन न किए जाने के बावजूद भी बैंक द्वारा उसको लोन का 2103740 रुपए जमा करने का नोटिस थमा दिया गया है। मामले के तहरीर पुलिस को दे दी गई है। कामेश्वर प्रसाद सिंह पुत्र स्व. राजेश्वर प्रसाद सिंह निवासी ग्राम भगवानपुर, पोस्ट दानपुर ने बताया कि इलाहाबाद बैंक (इण्डियन बैंक) रूद्रपुर के कर्मचारी एवं शाखा प्रबन्धक द्वारा मिलीभगत कर उसकी जानकारी के अभाव में बैंक में खुले उसके नाम के खाते में लाखों का लेन-देन किया गया है। उन्होंने बताया कि उनके नाम से एक बचत खाता एवं सीसी खाता इलाहाबाद बैंक, रूद्रपुर शाखा में खुला हुआ है। वर्ष 2014 के बाद आज दिनांक तक उसने अपने सीसी खाता में कोई लेन-देन नहीं किया और बचत खाता में वर्ष 2017 से कोई लेन-देन नहीं किया है। इस बीच उसके उपरोक्त दोनो खातों में पैसा जमा किया और निकाला गया तथा खातो से अन्य अज्ञात खातों में पैसे जमा किये। मैसेज उसके मोबाईल पर आये, क्योकि उसका बैलेंस बना रहता था, इसी कारण उसने कभी ध्यान (शेष पृष्ठ सता पर)

## समाज उत्थान के लिए बेहतर कार्य कर रही है राज्य सरकार: खंडूरी

### भाजपा नेता चुघ के निवास पर विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी का जोरदार स्वागत, पौधारोपण भी किया

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधान सभा अध्यक्ष रितु खंडूरी ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए राज्य सरकार स्थित वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ जा रहा है, वहीं राज्य की सरकार रोपण करता है वह उसकी देखभाल भी अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र और राज्य पश्चात राजकीय प्राथमिक विद्यालय खेड़ा में भी पौधारोपण किया और सभी को पर्यावरण की रक्षा किया संकल्प







बहुत ही बेहतर कार्य कर रही है। जहां समाज के सभी लोगों के विकास के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी ओमेक्स के आवास पर पहुंची जहां उन्होंने हरेला पर्व के अवसर पर पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का चहुंमुखी विकास किया मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के संवर्धन के लिए पौधारोपण बेहद आवश्यक है और जो भी व्यक्ति पौध अवश्य करें। विधानसभा अध्यक्ष के ओमेक्स स्थित भाजपा नेता चुघ के आवास पर पहुंचने पर उन्होंने बुके देकर उनका स्वागत किया। विधानसभा सरकार विभिन्न लाभकारी योजनाएं चल रही है जिसे आम जनमानस को लाभ मिल रहा है। उन्होंने ओमेक्स में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के दिलाया। इस अवसर पर मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष गजराज सिंह बिष्ट, निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, अनिल चौहान, जिला (शेष पृष्ठ सता पर)

# उत्तराखंड में ऑनलाईन होमस्टे बुकिंग पोर्टल लॉन्च

## पर्यटन विभाग ने राजस्व को बढ़ाने की दिशा में बढ़ाया महत्वपूर्ण कदम,भविष्य में होमस्टे को वेलनेस सेंटरों से भी जोड़ा जाएगा





देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में देश के पहले राज्य प्रायोजित ऑनलाइन होमस्टे बुकिंग पोर्टल की शुरुआत हुई है। उत्तराखंड में होमस्टे के लिए बुकिंग अब www.uttarastays.com पर की जा सकती है। किसी भी राज्य में पर्यटन विभाग द्वारा ये पहली ऐसी पहल है जहां राज्य प्रायोजित होमस्टे बुकिंग पोर्टल लॉन्च किया गया है। सचिव पर्यटन मुख्य कार्यकारी अधिकारी उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद सचिन कुर्वे ने बताया कि राज्य में होमस्टे के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाने हेतु यै तीन–आयामी रणनीति बनाई गई है। जिसमें सब्सिडी के माध्यम से सहायता, होमस्टे मालिकों को कौशल प्रशिक्षण और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से बुकिंग एक मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने सभी होमस्टे मालिकों को अपने होमस्टे को पोर्टल पर पंजीकृत कराने के लिए भी आमंत्रित किया है। उपयोगकर्ता प्लेटफॉर्म पर होमस्टे को रेटिंग भी दे सकते हैं जिसके माध्यम से होमस्टे संचालकों को उनकी सेवाओं पर वास्तविक प्रतिक्रिया मिलेगी, इससे उन्हें अपनी सेवाओं में सुधार करने का अवसर भी प्राप्त होगा। सचिन कुर्वे ने कहा कि भविष्य में होमस्टे को विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित वेलनेस सेंटरों के साथ जोड़ने की भी योजना है ताकि पर्यटकों को योग, प्राकृतिक चिकित्सा, पंचकर्म, आयुर्वेदिक मसाज आदि जैसी सेवाओं का भी लाभ मिल सके। राज्य में पर्यटन को बढावा देने के लिये होमस्टे योजना प्रभावी माध्यम है। होमस्टे बुकिंग पोर्टल की शुरूआत होमस्टे संचालकों की आर्थिकी को भी मजबूत करने वाला प्रयास है। इस पोर्टल से आम जनता को होमस्टे के बारे में सही जानकारी उपलबध कराने के साथ होमस्टे को ऑनलाइन बुक करने में सुविधा होगी। यह पहल होमस्टे मालिकों को बुकिंग के लिए एक ऑनलाइन माध्यम प्रदान करने का भी प्रयास है। सचिन कुर्वे ने कहा कि इस ऑनलाइन पोर्टल के साथ पर्यटन विभाग द्वारा होमस्टे को बढ़ावा देने के लिए एक और आयाम जोड़ा गया है। इससे होमस्टे के मालिक होमस्टे के बारे में जानकारी प्रदान करके और इसके लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करके अपने होमस्टे को इस पोर्टल पर बुकिंग हेतु पंजीकृत कर सकते हैं। उत्तराखंड पर्यटन विभाग विभिन्न पर्यटन संबंधी गतिविधियों के माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। ये पहल होमस्टे मालिकों को बिना किसी शुल्क के एक ऑनलाइन माध्यम प्रदान कर उनके राजस्व को बढ़ाने की दिशा में एक सशक्त और महत्वपूर्ण कदम है।

# सम्मान समारोह में रंगारंग कार्यक्रमों ने बांधा समा

## चुनौतीपूर्ण ड्यूटियों में सराहनीय कार्य करने वाले 128 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी सम्मानित





हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बनभूलपुरा दंगा, लोकसभा चुनाव , पर्यटन सीजन ड्यूटी, कैंची धाम मेला ड्यूटी सहित अपराध नियंत्रण में लगे समस्त सुरक्षा बल के कार्यों की सराहना करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकारियों कर्मचारियों के उत्साहवध'न हेतु अमर गार्डन हल्द्वानी में सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कमिश्नर दीपक रावत, विशिष्ट अतिथि डीआईजी डॉ0 योगेन्द्र सिंह रावत ने दीप जलाकर किया। जिसके उपरान्त पुलिस परिवार के नन्हें बच्चों द्वारा गणेश वन्दना से करते हुए रंगा–रंग कार्यक्रम की प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दीपक रावत ने कुमाऊॅनी गाने से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अतिरिक्त सीओ सिटी नितिन लोहनी द्वारा देश भक्ति गाने एवं पीएसी की उपनिरीक्षक हेमा जोशी ने भी गाना गाकर अपनी प्रतिभा का प्रस्तुतिकरण किया। सम्मान समारोह में एवं अन्य अधिकारियों ने चुनौती पूर्ण ड्यूटियों को सकुशल निभाने वाले अधिकारियों कर्मचारियों की सराहना की। सकुशल सम्पन्न कराने में सफल रहें, सभी से अपेक्षा है कि आप भविष्य में भी इसी मेहनत,लगन के साथ अपने करने वाले चयन सिमिति द्वारा चयनित किये गये 128 पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार उत्तराखण्ड के प्रसिद्ध गायक इंदर आर्या ने अपने गीतों की प्रस्तुति देकर समा बांध दिया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि ने कहा कि हम सब ने एकजुट होकर एक टीम के रुप में कार्य किया, तभी हम चुनौतीपूर्ण ड्यूटियों को कर्तव्यों का निर्वहन करते रहेंगे। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में अपनी मेहनत एवं लगन चुनौतीपूर्ण ड्यूटियों को सम्पन्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने किया।

# युवक पर किया जानलेवा हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिवस दोस्त से मिलने जा रहे युवक पर मार्ग में कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में पप्पू कोली पुत्र जय नारायण निवासी रम्पुरा वार्ड 24 ने कहा है कि 15 जुलाई की दोपहर उसका पुत्र विवेक मौहल्ले में अपने दोस्त अमन के घर मिलने जा रहा था। तभी मौहल्ले के रहने वाले आयुष पुत्र विजय जेकी, राहुल, माता श्रीमति शान्ति, विशाल पुत्र भगवान दास उर्फ छोटू ने एक राय होकर पुत्र पर धारदार हथियार चाकू व कांपा से जान से मारने की नियत से जान लेवा हमला कर दिया। आरोप है पुत्र की टांग में विशाल ने चाकू से हमला किया। हमलावर पुत्र को अदमरा छोड़कर भाग गयें। पुत्र को उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया।

# शादी की जिद पर अड़े दो समुदायों के प्रेमी युगल

## कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस ने दोनों को एसडीएम कोर्ट में किया पेश



नानकमत्ता(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र के एक युवक और युवती के प्रेम विवाह की जिद को लेकर पुलिस ने भारी सुरक्षा में दोनों को एसडीएम कोर्ट सितारगंज में पेश किया । दोनों अलग अलग समुदाय के हैं। जिसके चलते पुलिस प्रशासन ने एहतियात के तौर पर कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। गौरतलब है कि नानकमत्ता थाना क्षेत्र की एक मुस्लिम युवती और सिख युवक के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा है। दोनों परिवार वालों की मर्जी के खिलाफ शादी करने की जिद पर अड़े हैं। बीते दिनों थाने में युवक युवती को उनके परिवार वालों ने काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों शादी करने की जिद पर अड़े रहे। थाना पुलिस ने शुक्रवार को युवक व युवती को कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच सितारगंज एसडीएम कोर्ट में पेश किया । जहां एसडीएम के आदेश के बाद ही पुलिस अग्रिम कार्रवाई करेगी। विशेष समुदाय की युवती के साथ सिख युवक के शादी करने को लेकर क्षेत्र में किसी तरह का कोई तनाव न हो इसलिए खुफिया विभाग भी सक्रिय है।

# सगे भाई की हत्या के आरोपी को 478 दिन जेल में रहने के बाद किया दोष मुक्त

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। दमुआढुंगा निवासी भुवन चंद आर्य पर उसकी सगी भाभी द्वारा दिनांक 21 मार्च 2023 को उसके पति महेश चंद्र के साथ मारपीट करने वह तोड़फोड़ करने की तहरीर दिनांक 22 मार्च 2023 को थाना काठगोदाम में दी गई महेश चंद्र को उक्त घटना में आई गंभीर चोटों का इलाज हल्द्वानी निजी अस्पताल वह बरेली निजी अस्पताल में इलाज चलने के दौरान दिनांक 25 मार्च 2023 को उसका देहांत बरेली अस्पताल में होने के उपरांत पुलिस द्वारा हत्या की धाराओं मे भुवन चंद आर्य को 26 मार्च 2023 को गिरफ्तार का जिला उप कारागार हल्द्वानी में निरुद्ध कर दिया गया पुलिस द्वारा तमाम विवेचना के बाद दिनांक 29-5-2023 को अभियुक्त के विरुद्ध हत्या की धारा 304 भारतीय दंड संहिता एवं 427 भारतीय दंड संहिता के तहत आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया अभियुक्त का पेरोकर न होने के कारण न्यायालय की प्रोसीडिंग को आगे बढ़ाने के लिए विधिक सेवा के तहत अभियुक्त की पैरवी करने के लिए न्याय मित्र अधिवक्ता हल्द्वानी बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव राजन सिंह मेहरा को नियुक्त किया गया उक्तवाद में अभियोजन द्वारा अपनी केस को सिद्ध करने के लिए 9 गवाहों को न्यायालय में परीक्षित किया गया तथा अनेक दस्तावेज और मेडिकल साक्षी के साथ-साथ सचमुचित गवाह विधि विज्ञान डॉक्टर आदि को पेश किया अभियुक्त की ओर से पैरवी कर रही है अधिवक्ता राजन सिंह मेहरा द्वारा अभियोजन द्वारा पेश गवाह से प्रति परीक्षा करने पर गवाहों के बयानों में अत्यधिक विरोधाभास लाने में सफलता प्राप्त की तदुपरांत अभियोजन और अभियुक्त की ओर से पैरवी कर रहे हैं अधिवक्ता राजन सिंह मेहरा के दलील नजीर को मध्य नजर रखते हुए न्यायालय प्रथम अपर जिला जज श्री अमनिंदर सिंह द्वारा अभियुक्त को लगाए गए आरोपों से दोष मुक्त कर दिया गया।

# चार जिलों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी, भूस्खलन से 47 मार्ग बंद

देहरादून। उत्तराखंड में शुक्रवार को भी मौसम का मिजाज बदला रहने के आसार हैं। मौसम विभाग ने देहरादून समेत चार जिलों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी कर सावधानी बरतने की अपील की है। मौसम विभाग के निदेशक विक्रम सिंह के अनुसार शुक्रवार को उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ इलाकों में कई दौर की तेज बारिश हो सकती है। इसके साथ ही इन जिलों में तेज बारिश होने से नदी नाले उफान पर आ सकते हैं। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो राजधानी देहरादून, पौड़ी, चम्पावत और नैनीताल जिले के कुछ हिस्सों में तेज गर्जन के साथ भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है अगले तीन से चार दिन प्रदेश भर के पर्वतीय जिलों के साथ मैदानी इलाकों में भी तेज बारिश होने की संभावना है। यमुनोत्री धाम सहित आसपास के क्षेत्र में देर रात बारिश होने के कारण सुबह यमुनोत्री हाईवे ओजरी डाबरकोट में मलबा और बोल्डर आने से बंद हो गया था। सुरक्षा के लिहाज से वाहनों को दोनों तरफ रोका गया था। करीब डेढ़ घंटे बाद मलबा हटाकर वाहनों की आवाजाही सुचारू की गई। राज्य में बरसात के कारण बृहस्पतिवार को 47 मार्ग बंद हुए। जबकि प्रदेश में पहले से ही 43 मार्ग बंद थे। कुल बंद मार्गों में 44 मार्ग ही खोले जा सके, अभी भी 46 सड़क बंद हैं। मार्ग बंद होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा है, जो मार्ग बंद हैं, उसमें सात राष्ट्रीय/राज्य मार्ग शामिल हैं। इसमें चंपावत जिले में दो राष्ट्रीय और राज्य मार्ग शामिल हैं। टिहरी, पौड़ी, देहरादून, पिथौरागढ़, चंपावत, ऊधम सिंह नगर में एक- एक राष्ट्रीय और राज्य मार्ग बाधित हैं। इसके अलावा सर्वाधिक 36 ग्रामीण मार्ग भी बंद हैं। मार्ग बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# नशे के लिए पैसे नहीं देने पर बड़े भाई ने छोटे भाई को मौत के घाट उतारा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।नशे की लत के कारण एक युवक ने अपनी जान गवा दी। रुपये नहीं देने पर बड़े भाई ने अपने ही छोटे भाई के सिर पर बल्ली से वार कर दिया। उसे गंभीर हालत में बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में सबसे बड़े भाई की तहरीर पर पुलिस ने हत्यारोपी भाई पर गैर इरादतन हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पुलिस आज उसे न्यायालय में पेश किया। मुखानी थाना क्षेत्र के बच्चीनगर-1 लामाचौड़ निवासी हरीश चंद्र जोशी पुत्र स्व गिरीश चंद्र जोशी ने गुरुवार को अपने तीसरे नंबर के भाई मनोज जोशी के खिलाफ पुलिस में सबसे छोटे भाई सूरज जोशी की हत्या के मामले की तहरीर दी। बताया कि सूरज बेरोजगार था और मां के साथ बच्चीनगर में रहता था। पांच भाइयों में वह सबसे छोटा था। जबकि मनोज तीसरे नंबर का है। आरोप है कि बीते 14 जुलाई की रात करीब 9 बजे सूरज और मनोज घर के बाहर थे। इस बीच मनोज ने सूरज से नशा करने के लिए रुपये मांगे। लेकिन सूरज ने रुपये नहीं होने पर मना कर दिया। इस पर मनोज ने झगड़ा शुरू कर दिया और वहीं पास में पड़ी बल्ली को उठाकर सूरज के सिर पर मार दी। जिससे सूरज लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। परिजनों ने मामले की सूचना मुखानी थाना पुलिस को दी और सूरज को लेकर हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल में पहुंचे। हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने सूरज को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसको लेकर बरेली स्थित निजी अस्पताल पहुंचे, जहां इलाज के दौरान 16 जुलाई को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मुखानी एसओ पंकज जोशी ने बताया कि नशे के लिए रुपये मांगने का मामला है। आरोपी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी भाई को कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# चेन स्नेचिंग की घटनाओं का खुलासा

## दिल्ली के सरगना सहित तीन शातिरों को किया गिरफ्तार

हरिद्वार(उद संवाददाता)। ज्वालापुर पुलिस ने चेन स्नेचिंग की घटनाओं का खुलासा करते हुए दिल्ली के गिरोह के सरगना सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से छीनी गई चेन और घटना में इस्तेमाल चोरी की दो बाइकें बरामद की हैं। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। बृहस्पतिवार को रोशनाबाद पुलिस मुख्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने पत्रकार वार्ता कर चेन स्नेचिंग के मामलों का खुलासा किया। एसएसपी ने बताया कि 15 जुलाई को मीना सैनी निवासी शेखपुरा कनखल के गले से प्रेमनगर आश्रम घाट से पहले दो बाइक सवारों ने सोने की चेन झपट ली थी। इसके अलावा कनखल में भैरव मंदिर के पास एक गर्भवती महिला के गले से भी चेन छीनी गई थी। आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीमें गठित की। बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने पर सामने आया कि दोनों वारदातों को एक ही गिरोह ने अंजाम दिया है। बृहस्पतिवार की सुबह



हिल बाईपास पर नदी के रपटे के पास से सीओ शांतनु पाराशर, कोतवाल रमेश सिंह तनवार, एसएसआई राजेश बिष्ट, एसआई बीरेंद्र सिंह नेगी व विकास रावत ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरोह सरगना आरोपी प्रतीक झा उर्फ लव निवासी सी-38 ए अनूप नगर जीवन पार्क उत्तम नगर दिल्ली, जतिन निवासी फ्लैट नंबर 58 गली नंबर 81 महाबीर एन्कलेव पार्ट-3 बिंदापुर थाना डाबरी दिल्ली, कलमा उर्फ नवाब उर्फ कलाम हुसैन उर्फ सलीम हुसैन निवासी डीडीओ प्लाट नंबर 172 सी ब्लॉक बिंदापुर दिल्ली को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो स्पोर्ट्स बाइक व लूटी गई चेन बरामद हुई। सीओ ज्वालापुर शांतनु पाराशर ने बताया कि गैंग का सरगना प्रतीक झा उर्फ लव और इसके दोनों साथी गरीब परिवारों से ताल्लुक रखते हैं। बचपन से ही तीनों नशे के आदी हैं और अय्यासी में पड़ गए थे। कम उम्र में ही तीनों अपराध के रास्ते पर चल पड़े। आरोपी प्रतीक के खिलाफ दिल्ली के विभिन्न थानों में 39 चोरी, लूट सहित प्रभावी धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी कलमा उर्फ नवाब पर भी विभिन्न थानों चोरी, लूट के 27 केस दर्ज हैं। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी रमेश सिंह तनवार ने बताया कि तीनों आरोपी दिल्ली से स्पोर्ट्स बाइक चोरी कर हरिद्वार आए थे। दिल्ली पुलिस भी इनकी धरपकड़ में जुटी थी। चोरी की बाइकों से ही 15 जुलाई को चेन छीनने के बाद कलियर में होटल में रुके थे। चेन व बाइकों को दिल्ली ले जाने की फिराक में थे। इससे पहले हरिद्वार में और चेन स्नेचिंग करना चाहते थे। सभी आरोपी नाम बदलकर वारदात करते हैं, जिससे पुलिस की नजरों से बच सकें। रिकार्ड कहीं अपराध में दर्ज न हो।

# मानसून के बाद सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाया जाए : सीएम

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में उच्चाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश दिए कि मानसून के बाद एक माह में प्रदेश की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाया जाए। उन्होंने कहा कि मानसून अवधि के बाद सभी निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए।कार्यों में तेजी के साथ गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने आगामी कांवड़ मेले के दृष्टिगत सुरक्षात्मक रूप से तैयारियां पूर्ण करने के साथ ही सफाई, पेयजल, स्वास्थ्य संबंधी सभी सुविधाएं बेहतर रखने और घाटों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पर्वतीय क्षेत्रों में धारण क्षमता के अनुसार ही निर्माण कार्य किए जाएं। पर्यटन स्थलों पर पार्किंग व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए रिक्त स्थानों को चिन्हित कर पार्किंग की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराई जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि



जिन सरकारी गेस्ट हाउस की स्थिति सही नहीं है, उनकी सही तरीके से मेंटेनेंस कराई जाए। गेस्ट हाउस में ठहरने वालों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जीएसटी कलेक्शन बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि राज्य में किसी तरह की जीएसटी चोरी न हो। जरूरत पड़ने पर इसके लिए अभियान चलाया जाए। जीएसटी पंजीकरण के लिए व्यावसायिक गतिविधियों से जुड़े लोगों को जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री ने डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के निर्देश दिए हैं। बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव श्री आर. के सुधांशु, सचिव श्री शैलेश बगोली, श्री विनय शंकर पाण्डेय, एडीजीपी श्री ए.पी अंशुमन एवं आईजी श्री कृष्ण कुमार वी.के उपस्थित थे।






किच्छा व्यापार मंडल चुनाव में नामांकन करते व्यापारी।




# साहब मेरी पत्नी मुझे बहुत मारती है, मुझे उससे बचा लो!

## सैन्यकर्मी ने पुलिस से लगाई सुरक्षा की गुहार

रूड़की। साहब मेरी पत्नी मुझे बहुत मारती है। मुझे उससे बचा लो। सुबह-सुबह किसी बात को लेकर थोड़ी बहस हुई तो उसने पीट दिया। यह कहना है सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के दुर्गा कॉलोनी निवासी एक सैन्यकर्मी कर्मी का। सैन्यकर्मी ने पुलिस को तहरीर देकर पत्नी से बचाव करने और कार्रवाई की मांग की है। बुधवार को एक चौंका देने वाला सिविल लाइंस कोतवाली परिसर पहुंचा। कोतवाली पहुंचे एक सैन्यकर्मी ने पुलिस को तहरीर दी। उसने बताया कि वह सेना में तैनात है और देश की सुरक्षा के लिए बॉर्डर पर तैनात है। वह घर पर सुरक्षित नहीं है। कहा कि उसकी पत्नी लंबे समय से उसका उत्पीड़न कर रही है। आए दिन छोटी-छोटी बातों पर बहस करने लगती है। उसकी बातों का अगर जवाब देता हूं तो वह मारपीट करने पर उतारू हो जाती है। बुधवार को भी पत्नी ने उसे पीट दिया। जब उसका विरोध किया तो घर से निकल जाने की बात कह दी। यह मामला जैसे ही कोतवाली पहुंचा तो कोतवाली परिसर में चर्चा का माहौल बना रहा। इसके बाद मौके पर दूसरे पक्ष को भी बुलाया गया। इस दौरान कोतवाली में भी दोनों के बीच हंगामा हो गया। वहीं कोतवाली प्रभारी ने बताया कि यह पारिवारिक मामला है, यह मामले घर तक ही सीमित रहें तो ही बेहतर रहता है। हालांकि मामला अब कोतवाली पहुंचा है तो पति-पत्नी में समझौता कराने का प्रयास किया जाएगा।

# रूद्रपुर में दबंगों का आतंक,वीडियो वायरल

## आपसी विवाद में युवक को पीटकर किया घायल, आरोपी फरार

रूद्रपुर। रंपुरा में एक पक्ष के युवक के साथ हुई चाकूबाजी की घटना की प्रतिक्रिया में दूसरे पक्ष के लोगों की दबंगई के कारनामे सामने आ रहे हैं। क्षेत्र में तलवार लहराकर दहशत मचाने के बाद इसी पक्ष के लोगों ने पेट्रोल पंप पर दूसरे पक्ष के युवक को जमकर पीटा था। आरोपी उसे यूपी क्षेत्र में ले गए और अमानवीय बर्ताव किया। पेट्रोल पंप पर युवक की पिटाई का सीसीटीवी फुटेज वायरल हो रहा है। इधर, पुलिस ने चाकूबाजी के मामले में एक पक्ष के चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है, वहीं दो वीडियो वायरल होने के बाद भी दूसरे पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया है। वार्ड 24 के विवेक और राहुल के बीच विवाद हुआ था। विवेक के पिता पप्पू कोली ने पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि 15 जुलाई की दोपहर उनका बेटा विवेक अपने दोस्त अमन के घर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में आयुष, राहुल और विशाल ने उस



पर कापा और चाकू से हमला कर दिया। साथ ही उसकी जांघ पर चाकू से वार किए थे। इससे विवेक मरणासन्न हो गया था और आरोपी धमकी देकर फरार हो गए थे। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। विवेक पर जानलेवा हमले के बाद उसके पिता सहित अन्य लोगों ने तलवार लेकर आरोपी के मोहल्ले में दहशत मचाई थी। इन लोगों ने एक नामजद आरोपी की मां को थप्पड़ मारने के साथ ही चाऊमीन की रेहड़ी में तोड़फोड़ की थी। अब इसी पक्ष के लोगों की गुंडागर्दी का वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो 16 जुलाई का है। किच्छा हाईवे पर पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने पहुंचे जैकी नाम के युवक को बाइक सवार तीन युवक सरेराम बुरी तरह से पीटते हैं। जैकी की मां का कहना है कि छह लोगों ने उसके बेटे व दोस्त का पेट्रोल पंप से अपहरण किया और दोनों को करतारपुर रोड के बाग में ले जाकर बेल्ट, डंडे व लोहे की पाइपों से पीटा था। जिससे जैकी का सिर लहूलुहान हो गया था। आरोप है कि उसके बेटे पर पेशाब कर वीडियो भी बनाई गई थी। उसने पुलिस से आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। इधर, पुलिस ने गुंडागर्दी करने वालों पर केस दर्ज नहीं किया है। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने कहा कि मारपीट के मामले में केस दर्ज करने के आदेश दिए गए हैं। कानून हाथ में लेने वालों सेसख्ती से निपटा जाएगा।

# खटीमा के बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी राहत सामग्री

किच्छा(उद संवाददाता)। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा खटीमा के बाढ़ पीड़ितों हेतु राहत सामग्री भेजी गई है जिसमें दवाइयां, कंबल, खा राशन सामग्री मौजूद है । प्रात: स्वास्थ्य मंत्री प्रतिनिधि अभिषेक सक्सेना, सीएमओ मनोज शर्मा द्वारा एकत्र की गई राहत सामग्री को खटीमा के बाढ़ पीड़ित लोगों के लिए भेजा गया। जिसका वितरण से प्रभावित लोगों में किया जाएगा। इस अवसर पर राहत सामग्री वाहन को रवाना करते हुए स्वास्थ्य मंत्री प्रतिनिधि अभिषेक सक्सेना ने कहा कि खटीमा के जिन क्षेत्रों में राहत



सामग्री की आवश्यकता है उसको देखते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा राहत सामग्री भेजी जा रही है जो की प्रभावितों को वितरित की जाएगी। इस अवसर पर सीएमओ मनोज शर्मा ने भी कहा कि खटीमा क्षेत्र के लोगों को बीमारियों से बचाने हेतु आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं तथा जिस प्रकार की भी दवाइयां की आवश्यकता है आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है किसी भी प्रकार की बीमारी को फैलने नहीं दिया जाएगा । बाढ़ प्रभावितों क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है क्योंकि ऐसी स्थिति में संक्रमण फैलने की आशंका बनी रहती है क्षेत्र में तैनात सभी डॉक्टर को निर्देशित किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से ए सीएमओ हरेंद्र मलिक ,शैलेंद्र प्रताप सिंह, हरेंद्र प्रताप सिंह ,के अलावा विमल कुमार, प्रदीप अरोड़ा , भीम त्रिपाठी भी मौजूद थे।

# राज्य आपदा मोचन निधि से 130 करोड़ की धनराशि हुई स्वीकृत

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर मानसून सत्र, 2024 के दृष्टिगत राज्य आपदा मोचन निधि के तहत होने वाले मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कार्यों के लिए राज्य के समस्त जिलाधिकारियों के निवर्तन पर 10 करोड़ रूपये की दर से कुल 130 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री द्वारा समस्त जिलाधिकारियों को यह निर्देशित किया गया है कि मरम्मत एवं पुनर्निर्माण मद में स्वीकृत की गयी धनराशि से शीघ्रताशीघ्र आपदा से क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों का पुनर्निर्माण कराया जाय एवं इसमें किसी प्रकार का विलम्ब स्वीकार्य नहीं होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार आपदाओं से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है और सभी विभागों की पुख्ता तैयारी है। सरकार का मंतव्य स्पष्ट है कि आपदाओं के चलते आम जनमानस को कम से कम मुश्किलों का सामना करना पड़े। इसी लक्ष्य के साथ सरकार कार्य कर रही है। आपदा संबंधी कार्यों में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि मानसून सीजन में आम लोगों को बिजली, पानी, खाद्यान्न, चिकित्सा आदि से संबंधित किसी तरह की कोई दिक्कत न हो।

# धामी सरकार की बड़ी सौगात: सरकारी अस्पतालों में मरीजों का पर्चा और एंबुलेंस का शुल्क हुआ सस्ता

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों (मेडिकल कॉलेज अस्पतालों को छोड़कर) में इलाज सस्ता होने जा रहा है। इसके साथ ही एक पर्ची एक शुल्क लागू होगा। कैबिनेट ब्रीफिंग में सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर राजेश कुमार ने बताया कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी का शुल्क अब 13 रुपये से घटाकर 10 रुपये, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी



शुल्क (पर्चा बनाने का शुल्क) 15 से घटाकर 10 रुपये और जिला या उप जिला चिकित्सालयों में शुल्क 28 से घटाकर 20 रुपये कर दिया गया है। इसी प्रकार, भर्ती कराने के लिए आईपीडी शुल्क की दरें भी घटाते हुए समान कर दी गई हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आईपीडी शुल्क 17 से घटाकर 15 रुपये, सीएचसी में 57 से घटाकर 25 रुपये और जिला व उप जिला अस्पतालों में 134 से घटाकर 50 रुपये कर दिया गया है। अस्पतालों के जनरल वार्ड में तीन दिन तक निशुल्क भर्ती के बाद पीएचसी में शुल्क 17 के बजाए 10 रुपये प्रतिदिन, सीएचसी में 17 से घटाकर 15 रुपये प्रतिदिन और जिला व उप जिला चिकित्सालयों में 57 के बजाए 25 रुपये प्रतिदिन शुल्क देय होगा। प्राइवेट वार्ड में दो बेड वालों को अब 230 के बजाए 150 रुपये प्रतिदिन और सिंगल बेड वालों को 428 के बजाए 300 रुपये शुल्क देना होगा। एसी रूम लेने पर 1429 के बजाए 1000 रुपये शुल्क देय होगा। खास बात ये भी है कि अब लोअर अस्पताल में भर्ती मरीज को हायर सेंटर रेफर होने पर वहां अलग से पर्चा नहीं बनवाना होगा। उसी पर्चे से उसका इलाज होगा। सरकार ने विभागीय एंबुलेंस का किराया भी कम कर दिया है। सरकारी एंबुलेंस का पहले पांच किलोमीटर का किराया अब 315 के बजाए 200 रुपये होगा। इसके बाद प्रति किमी की दरें भी 63 से घटाकर 20 रुपये कर दी गई हैं। सरकारी अस्पतालों में मरीज की मृत्यु होने उसका पार्थिव शरीर एंबुलेंस से निशुल्क उनके घर तक पहुंचाया जाएगा। कैबिनेट के ये फैसले शासनादेश जारी होने के साथ ही प्रदेशभर में लागू हो जाएंगे। प्रदेश के पिथौरागढ़ व हरिद्वार मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग स्टाफ की भर्ती आउटसोर्स के बजाए सीधी भर्ती से की जाएगी। दोनों कॉलेजों में 240-240 पदों पर आउटसोर्स से भर्ती नहीं होगी। अब चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड यहां भर्ती करेगा। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय। 1- राज्य अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास निगम उत्तराखण्ड लि० (सिडकुल) के स्थायी कार्मिकों को राज्य सरकार के कार्मिकों के अनुरूप 7वें वेतनमान की संस्तुतियों के आधार पर पुनरीक्षित मकान किराया भत्ता अनुमन्य किये जाने के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया।2 - कृषि सम्बन्धी क्रिया-कलापों के प्रयोजनार्थ कृषकों द्वारा लिए गए ҕ5.00 लाख तक के ऋणों हेतु निष्पादित बन्धक विलेखों पर स्टाम्प शुल्क प्रभार्य न लिए जाने के संबन्ध में निर्णय लिया गया।3-राज्य सरकार द्वारा दिनांक 01 जनवरी, 2024 से महंगाई भत्ते की दरें 50 % किये जाने के आधार पर केन्द्र सरकार की भॉति दिनांक 01 जनवरी, 2024 से सेवानिवृत्तिक ग्रेच्युटी और मृत ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा ҕ 25.00 लाख किये जाने के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया।4-उत्तराखण्ड राज्य में डिजिटल ई-स्टाम्पिंग / पेपरलेस ई-स्टाम्पिंग शुरू किये जाने निमित्त भारतीय स्टाम्प अधिनियम-1899 की अनुसूची-1 ख में वर्णित उत्तराखण्ड राज्य में लागू गैर पंजीकरण योग्य 17 अनुच्छेदों को उत्तराखण्ड स्टाम्प (ई-स्टाम्प प्रमाण पत्रों के माध्यम से शुल्क का संदाय) (संशोधन) नियमावली, 2023 में सम्मिलित किये जाने का निर्णय लिया गया।5- राज्य में बाह्य सहायतित परियोजनाओं की स्वीकृत्ति, संचालन, पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण के लिए पूरे राज्य में एक समान व्यवस्था बनाये जाने के दृष्टिगत मार्गदर्शी सिद्धान्त एवं वित्तीय / प्रशासनिक अधिकारों के प्रतिनिधायन के सम्बन्ध में व्यवस्था का निर्धारण किये जाने का निर्णय लिया गया।6/ चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों / सचिवालय सहायकों को उनके मूल विभाग की नियमित एवं निरन्तर सेवाओं को जोड़ते हुये संशोधित सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन (एमएसीपीएस) / एसीपी का लाभ दिये जाने के संबंध में निर्णय लिया गया।7 -वर्तमान में राज्य में उत्तर प्रदेश सॉ-मिल (स्थापना एवं विनियमन) नियमावली-1978 लागू है. जिसके अन्तर्गत प्रकाष्ठ आधारित उद्योगों के नये लाइसेंस, नवीनीकरण, नाम परिवर्तन, लाइसेंस की एकमुश्त धनराशि व नवीनीकरण के सापेक्ष देय धनराशि आदि का निर्धारण किया जा रहा है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उक्त प्रभावी नियमावली के कतिपय नियमों में संशोधन किये जाने की आवश्यकता के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश सॉ मिल (स्थापना एवं विनियमन) नियमावली-1978 को अधिक्रमित करते हुए "उत्तराखण्ड काष्ठ आधारित उद्योग (स्थापना एवं विनियम) नियमावली, 2024" प्रख्यापित किये जाने का निर्णय लिया गया।8 -उत्तराखण्ड वन विकास निगम के वित्तीय वर्ष 2020-21 के वार्षिक लेखों की सम्परीक्षा राज्य विधान सभा को प्रस्तुत किये जाने के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया। 9- उत्तराखण्ड पुलिस दूरसंचार राजपत्रित संवर्ग के उपरोक्त पुनर्गठित ढांचे के अनुसार संवर्ग की सेवा नियमावली में आवश्यक संशोधन किये जाने हेतु 'उत्तराखण्ड पुलिस दूरसंचार राजपत्रित अधिकारी सेवा (संशोधन) नियमावली, 2024 के प्रख्यापन सम्बन्धी प्रस्ताव पर मंत्रिमण्डल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है। 10- जनपद में स्थित चिकित्सा संस्था द्वारा किसी अन्य जनपद से लावारिस मानव शव को प्राप्त किये जाने की अपेक्षा की जाती है, तो लावारिस शव को उपलब्ध कराने हेतु प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा प्रथमत: पुलिस मुख्यालय (पुलिस महानिदेशक) से अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात् सम्बन्धित संस्था को उपलब्ध कराया जा सकेगा। उक्त प्रस्ताव पर मंत्रिमण्डल का अनुमोदन प्रदान किया गया।11- राजकीय मेडिकल कॉलेजों में संचालित विभिन्न परास्नातक मेडिकल पाठ्यक्रमों में वर्तमान प्रख्यापित बॉण्ड की शर्तों में संशोधन किये जाने के संबंध में निर्णय लिया गया।12 -उत्तराखण्ड राज्य के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला उप जिला चिकित्सालयों में यूजर चार्जेज की दरों में संशोधन किये जाने का निर्णय लिया गया।13- राज्य में विद्या समीक्षा केन्द्र के संचालन एवं विधिवत उपयोग हेतु च्तवरमबज प्उचसमउमदजंजपवद न्दपज की स्थापना किए जाने के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया।14 -एन.सी.सी. की 02 यूके. (स्वतंत्र) कम्पनी को जनपद चम्पावत में पुन:स्थापित किये जाने के संबंध में लिया गया निर्णय।अत: उक्त के दृष्टिगत ही 2 यू०के० (स्वतंत्र) कम्पनी को जनपद चंपावत में किसी उपयुक्त स्थान पर पुन:स्थापित किया जाने एवं उक्त कंपनी हेतु 10 सिविल स्टाफ पदों का सृजन किया जाने की मंत्रिमण्डल द्वारा मंजूरी प्रदान की गयी है।15- उत्तराखण्ड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (उरेडा) के संरचनात्मक ढ़ांचे को पुनर्गठित किये जाने का निर्णय।सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति, शासकीय कार्यों के सुचारू संचालन एवं संचालित योजनाओं / कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन हेतु उरेडा अभिकरण हेतु मा० मंत्रिमण्डल द्वारा पूर्व सृजित 119 पदों को पुनर्गठित करते हुए नये 29 पदों पर सहमति व्यक्त करते हुए कुल 148 पदों का पुनर्गठन किये जाने पर सहमति प्रदान की गयी। 16 -सतर्कता अधिष्ठान की ट्रैप कार्यवाहियों में परिवादियों के पूर्ण सहयोग दिये जाने के उद्देश्य से परिवादियों द्वारा ट्रैप के समय दी जाने वाली रिश्वत राशि के पुनर्भरण हेतु सृजित रिवॉल्विंग फण्ड के रखरखाव / सुचारू रूप से संचालन हेतु 'उत्तराखण्ड भ्रष्टाचार निरोधक सतर्कता विभाग रिवॉल्विंग फण्ड नियमावली विकसित किये जाने का निर्णय लिया गया।17- उत्तराखण्ड सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 2002 के कतिपय प्राविधान को लागू करने में समय-समय पर उत्पन्न हो रही कठिनाइयों के दृष्टिगत वर्ष को 'वर्ष / चयन वर्ष के रूप में तथा एक चयन' को 'एक चयन वर्ष' के रूप में प्रतिस्थापित किये जाने हेतु 'उत्तराखण्ड सरकारी सेवक ज्येष्ठता (संशोधन) नियमावली, 2024' का प्रख्यापन किये जाने का निर्णय लिया गया।18 -जनपद पिथौरागढ़ स्थित नैनी सैनी एयरपोर्ट को, भारतीय वायु सेना को हस्तान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में भारतीय वायुसेना को हस्तगत किये जाने की जो अनुमति प्रदान की गयी है. उस पर मा० मंत्रिमंडल द्वारा पुनर्विचार किये जाने के सम्बन्ध में कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया गया है।19 -जनपद ऊधमसिंह नगर के अंतर्गत स्थित पन्तनगर हवाई पट्टी के विस्तारीकरण हेतु अधिग्रहित 212.4868 है0 (524.78 एकड़) भूमि, जो कि नागरिक उड्डयन विभाग के नाम दर्ज है, को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के नाम नि:शुल्क हस्तांतरित किये जाने की अनुमति के प्रस्ताव पर मा० मंत्रिमंडल के द्वारा निर्णय लिया गया है। 20 -भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के विभागीय ढांचे के पुनर्गठन के फलस्वरूप समूह क एवं ख के पदधारकों के सेवा नियम गठित किये जाने हेतु उत्तराखंड भूतत्व एवं खनिकर्म समूह क एवं ख सेवा नियमावली, प्रख्यापित किये जाने का निर्णय लिया गया।21- उत्तराखण्ड राज्य में अवस्थित चार धाम एवं अन्य प्रमुख मन्दिरों के मिलते जुलते नाम पर समिति अथवा ट्रस्ट के गठन के विरूद्ध कठोर विधिक प्राविधान किये जाने का निर्णय लिया है।22 -कैबिनेट द्वारा दून विश्वविद्यालय में आगामी अकादमिक सत्र से ब्मदजतम वित भ्पदकन जनकपमे प्रारम्भ किए जाने का निर्णय लिया गया है।23- कैबिनेट द्वारा प्रदेश में ҕ5 लाख तक के टेंडर स्थानीय ठेकेदारों को ही दिए जाने का निर्णय लिया गया है। 24- कैबिनेट द्वारा हाउस आफ हिमालयाज कम्पनी के वित्तीय एवं प्रशासनिक नियमों एवं कम्पनी संचालन हेतु पदों के स्वीकृति, भर्ती इत्यादि पर मंत्रिमण्डल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। 25 -कैबिनेट द्वारा विधानसभा सत्र आहूत किये जाने के संबंध में मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया।



मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में ''हमारी विरासत एवं विभूतियां'' पुस्तक का विमोचन किया।

## राज्य में स्थित चार धाम एवं अन्य प्रमुख मन्दिरों के मिलते जुलते नाम पर समिति अथवा ट्रस्ट के गठन करने के विरूद्ध लागू होंगे कठोर विधिक प्राविधान

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में गुरूवार को आयोजित कैबिनेट बैठक में राज्य में स्थित चार धाम एवं अन्य प्रमुख मन्दिरों के मिलते जुलते नाम पर समिति अथवा ट्रस्ट के गठन के विरूद्ध कठोर विधिक प्राविधान किये जाने का निर्णय लिया है। कैबिनेट के समक्ष यह विषय चर्चा हेतु रखा गया था कि हाल के समय में राज्य में कतिपय व्यक्ति / संस्थाओं द्वारा उत्तराखण्ड राज्य में अवस्थित चार धाम श्री केदारनाथ धाम, श्री बदरीनाथ धाम, श्री गंगोत्री धाम, श्री यमुनोत्री धाम व अन्य प्रमुख मन्दिरों के नाम का अथवा इनके संचालन हेतु गठित ट्रस्ट/ समिति के नाम से मिलते-जुलते नाम का प्रयोग कर ट्रस्ट/ समिति आदि बनाई जा रही है। प्रदेश में इस प्रकार की गतिविधियों से जन सामान्य में असमंजस की स्थिति उत्पन्न होने के साथ ही स्थानीय परम्पराओं एवं धार्मिक मान्यताओं को भी ठेस पहुँचती है, तथा स्थानीय स्तर पर आक्रोश की भी सम्भावना रहती है। इसके दृष्टिगत राज्य सरकार द्वारा कड़े विधिक प्राविधान लागू किये जाने का निर्णय कैबिनेट द्वारा राज्य हित में लिया गया है। अब राज्य के अन्दर अथवा राज्य के बाहर कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था किसी समिति अथवा ट्रस्ट का गठन कर राज्य के चार धामों एवं प्रमुख मंदिरों के नाम पर समिति अथवा ट्रस्ट का गठन नहीं कर पायेगा। इससे इस संबंध में उत्पन्न विवाद का भी समाधान हो सकेगा।

# मंडलायुक्त ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

## रकसिया नाले पर निर्माण कार्यो के साथ ही नालों की सफाई में तेजी लाने के दिये निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मंडलायुक्त दीपक रावत ने वर्षा प्रभावित स्थलों का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों को देखा और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश दिये हैं कि आपदा के दौरान सभी अधिकारी अलर्ट मोड में रहें तथा उप जिलाधिकारी, नगर आयुक्त संवदेनशील क्षेत्रों में प्रत्येक दिन भ्रमण कर निरीक्षण करें तथा संवेदनशील सम्भावित क्षेत्रों में जलभराव को रोकने हेतु तात्कालिक करें। आयुक्त दीपक रावत ने गुरूवार को तिकोनियां स्थित सडक, कलसिया नाला, देवखडीनाला, काठगोदाम स्थित नियर जीएसटी कार्यालय के समीप नाला, दमुवांढूगा फायर क्रू-स्टेशन के पास का नाला तथा प्रेमपुर लोसज्ञानी में रकसिया नाले पर एडीबी के द्वारा निर्माण कार्यां का निरीक्षण कर अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों के साथ ही नालों की सफाई में तेजी लाने के दिये निर्देश। तिकोनियां स्थित मार्ग जो विगत दिनों क्षतिग्रस्त हो गया था, सिचाई विभाग द्वारा कार्य किया जा रहा है। आयुक्त ने कहा कि कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्य अभिंयता संजय शुक्ला ने बताया कि मार्ग का कार्य पूर्ण कर शीघ्र 1 अगस्त गुरूवार को आवागमन हेतु सुचारू कर दिया जायेगा।इसके पश्चात आयुक्त श्री रावत द्वारा कलसिया नाले पर कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और अधिकारियों को कलसिया नाले पर वर्षाकाल के दौरान जेसीबी तैनात करने के निर्देश दिये। उन्हांने कहा कलसिया नाले पर मलवा दोनो तरफ डाला जाए ताकि पानी का बहार बीच में हो जिससे लोगों के घर सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कलसिया नाले के द्वारा गौलाबैराज के पास सडक पर



नाले में अत्यधिक मलवा आने से पानी का बहाव बैराज की ओर हो जाने से खतरा उत्पन्न हो गया है आयुक्त ने शीघ्र नाले पर सफाई कराने के निर्देश दिये। गायत्री नगर के पास देवखडी नाले पर किये जा रहे कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा देवखडी नाले जहां से प्रारम्भ होता है उन स्थानों पर चौकडैम बनाये जायेंगे जिससे पानी का प्रवाह धीमा होगा और नाले मे मलूवा कम आयेगा। उन्होंने एडीबी के तहत नाले के पानी को दो स्थानों से गौला नदी मे डाइवर्ड किया जायेगा इसके लिए प्रोजेक्ट मंजूर किया जा चुका है। इसके पश्चात आयुक्त द्वारा काठगोदाम जीएसटी कार्यालय स्थित नाले का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि वर्षाकाल में अत्यधिक वर्षा आने पर उक्त स्थान बैरियर लगाया जाए और कार्मिक की भी तैनाती की जाए जिससे जनहानि की क्षति को रोका जा सके।दमुवाढूगा स्थित फायर क्रू स्टेशन के समीप नाले के द्वारा लोगों के घरों जलभराव की समस्या पर उन्होंने अधिशासी अभियंता सिचाई को तात्कालीक कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा स्थायी समाधान हेतु प्रोजेक्ट की मंजूरी मिल गई है शीघ्र ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। रकसिया नाले के निरीक्षण के दौरान आयुक्त को प्रोजेक्ट मैनेजर एडीबी कुलदीप सिंह ने बताया कि वर्तमान मे रकसिया नाले का आउटफाल प्रेमपुर लोसज्ञानी में 30 करोड की धनराशि से रकसिया नाले पर 3 बाई 4 मीटर का भूमिगत नाला बनाया जा रहा है नाले की 850 क्यूसेक डिस्चार्ज क्षमता होगी तथा नाले का पानी वन विभाग के जंगल से होते हुये भाखडा नदी में जायेगा। रकसिया नाले पर 1500 मीटर भूमिगत नाले को कवर कर सडक का निर्माण किया जा रहा है। श्री सिंह ने बताया कि चार माह में कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। आयुक्त ने कहा कार्य पूर्ण होने पर क्षेत्र के लोगों को स्थायी जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, उपजिलाधिकारी पारितोष वर्मा, एसपी सिटी प्रकाश चन्द्र के साथ ही नगर निगम, वनविभाग, सिचाई, एडीबी तथा लोनिवि के अधिकारी उपस्थित थे।

# 6 गौशालाओं के लिए भूमि चयनित करने के निर्देश

## दिशा की बैठक में सांसद अजय भट्ट ने की योजनाओं की समीक्षा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सांसद अजय भट्ट की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक एपीजे सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में गत दिनों हुई वर्षा से जनपद में आई बाढ़, जलभराव से हुए क्षति एवं आपदा राहत कार्यों की जानकारी लेते हुए सांसद श्री भट्ट ने आपदाओं के निराकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि आपदा जनप्रतिनिधियों को अवश्य देने के निर्देश भी दिए। गत दिनों वर्षा से बाढ़ व जलभराव क्षेत्रों में हुई क्षति एवं आपदा राहत कार्यों की समीक्षा दौरान जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि जनता में 15242 आपदा प्रभावितों को 7.83 करोड़ अहैतुक/सहायता धनराशि दुकानों व सामानों को हुई क्षति का आंकलन करने हेतु 4 टीमें लगायी गयी हैं। उन्होंने बताया कि बाजपुर लेवड़ा नदी की 9 किमी लम्बाई की डिसिल्टिंग व सफाई करायी गयी थी, जिससे बाजपुर में जलभराव की स्थिति नहीं हुई है जबकि लेवडा नदी में सिल्ट आई व कई अधिकारियों को सूचना होने के बावजूद भी बैठक में अनुपस्थित रहने पर उनसे स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा करते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए तथा कहा कि पेयजल लाइन बिछाने हेतु खोदी गयी समीक्षा दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि एयरपोर्ट विस्तारीकरण हेतु 524 एकड़ भूमि एयरपोर्ट अथॉरिटी को भूमि हस्तांरित कर दी गयी है साथ ही 108 एकड़ भूमि व 188 करोड़ धनराशि एनएचएआई को सड़क विस्थापन हेतु आवंटित कर दी गयी है। जिस पर सांसद ने एयरपोर्ट सृजन कार्यक्रम, रा. स्वास्थ्य मिशन, समग्र शिक्षा अभियान आदि की भी समीक्षा की।जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को बैठक में सांसद भट्ट द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए साथ ही अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के भी निर्देश दिए। इसके उपरांत सांसद द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में पौधारोपण भी किया गया।







व विकास कार्यों के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं है इसलिए अधिकारी कार्यों को गम्भीरता से लेते हुए त्वरित गति से करना सुनिश्चित करें। सांसद ने सभी से पौधारोपण अवश्य करने के साथ ही मां के नाम एक पेड़ लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा पर्यावरण व स्वच्छता में अपना योगदान अवश्य दें। उन्होने कहा कि भारत सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों व योजना कार्यों में गति लाकर पूर्ण करें ताकि जनता को योजनाओं का त्वरित लाभ मिल सके। उन्होंने विकास कार्यों की सूचनाएं वितरित कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि बाढ़ जलभराव से जनपद में प्रथम सर्वे के अनुसार 60 करोड़ की विभागीय परिसम्पत्तियां क्षतिग्रस्त हुई हैं, 8 जनहानि हुई हैं जिसमें से 5 मृतकों व 1 घायल को सहायता राशि वितरित कर दी गयी हैं, जबकि 2 लापता हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ जलभराव पीडितों को 2.5 हजार राशन किट वितरित की गयी हैं तथा दाह ढाकी में अभी भी राहत कैम्प संचालित हैं जिसमें 7 परिवारों को भोजन कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बाढ जलभराव से व्यापारियों के जगह टूट-फूट हुई है जिसकी मरम्मत कराई जा रही है। सांसद भट्ट ने बाढ़ आपदा दौरान त्वरित राहत बचाव कार्य करने के लिए जिला प्रशासन को बधाई दी। उन्होंने नौसर में प्रवीण नदी में बाढ़ आने से टूटी सड़क को शीघ्र ठीक करने तथा नानकमत्ता में कैलास नदी से टुकड़ी-बिछुआ पुल क्षतिग्रस्त होने व एन्जीनिया गांव में कई जगह नदी से भू-कटाव का पैचिंग कार्य का आगणन कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। समीक्षा दौरान एनएच हल्द्वानी, ईएसआईसी, रेलवे, आकाशवाणी, इंडियन ऑयल के सड़कों व मार्गों को तुरंत सही करें तथा भविष्य में पेयजल योजना का ओवरहैड टैंक पूर्ण होने के अंतिम चरण में ही पाइपलाइन बिछाने हेतु खुदाई की जाए ताकि जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पडें। उन्होंने निराश्रित गोवंशीय पशुओं के आश्रय हेतु गौशालाओं की समीक्षा की जिस पर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 6 गौशालाओं हेतु भूमि चयनित कर डीपीआर बनाकर शासन को भेज दी गयी है। उन्होंने बताया कि सर्किट हाउस काशीपुर का कार्य प्रगति पर है, एयरपोर्ट विस्तारीकरण की विस्तारीकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश एयरपोर्ट अथॉरिटी व एनएचएआई को दिए। उन्होंने संजय वन में विद्युतीकरण, एनएचएआई द्वारा काशीपुर रामनगर फोरलैन की समीक्षा की। उन्होंने मनरेगा, एनआरएलएम, प्रधानमंत्री सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, रा.कृषि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, अमृत योजना 2.0, एकीकृत बाल विकास कार्यक्रम, बेटी बचाओ बेटी पढाओं योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, रा. क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, पीएम पोषण योजना, प्रधानमंत्री रोजगार बैठक में विधायक शिव अरोरा, दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, जिलाध्यक्ष भाजपा कमल जिंदल, गुंजन सुखीजा, पूर्व मेयर रामपाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, पीडी अजय सिंह, एपीडी संगीता आर्या, डीडीओ सुशील मोहन डोभाल, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट,गौरव पांडे,मुख्य कृषि अधिकारी डॉ एके वर्मा, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, अधिशासी अभियंता सिंचाई पीसी पांडे, पीडब्ल्यूडी ओ पी सिंह,विद्युत विजयस्कारिया सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# डीएम ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया स्थलीय निरीक्षण

रामनगर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया साथ ही आपदा मद में चल रहे निर्माण कार्यों। का भी जायजा लिया। मीडिया से रूबरू क्षेत्रों में राजस्व की टीम ने सिंचाई विभाग के साथ ही इन क्षेत्रों का निरीक्षण किया था, जहां जहां तात्कालिक राहत सहायता दी जानी है,वहां कार्य आरंभ किए गए हैं, जिलाधिकारी ने कहां कि ज्यादातर एरिया को आपदा के संबंध में यह निर्देश दिए गए हैं कि हर वक्त अलर्ट रहेंगे। साथ ही हर वर्ष बरसात के मौसम में नदी आने से मोहान क्षेत्र के पास रह रहे चुकम गांव का संपर्क आसपास के क्षेत्र से कट जाता मंजूरी मिलते ही आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने पनोद और धनगढ़ी पुल के निर्माण को लेकर कहा कि पनोद और धनगढ़ी पुल का निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है, जल्द ही इसको पूरा कर





होते हुए जिलाधिकारी वंदना सिंह ने कहा कि रामनगर क्षेत्र में जो पिछले दिनों वर्षा हुई थी उसमें ऐसे कई क्षेत्र हैं जहां कई जगह जल भराव के साथ ही नदी नालों की वजह से भू कटाव हुआ था,जिससे नदी नालों का पानी आबादी क्षेत्र की तरफ आने की समस्याएं सामने आई थी। ऐसे जहां भूकटाव के मामले प्रकाश में आए हैं वह क्षेत्र वन विभाग के अंतर्गत आते हैं तो फॉरेस्ट डिपार्टमेंट ने तत्परता दिखाते हुए इसमें सभी खतरनाक स्थलों का निरीक्षण करके,आपदा के अंतर्गत कार्य प्रारंभ कर दिया है,जिलाधिकारी ने कहां कि मानसून को देखते हुए सभी विभागों है,उस क्षेत्र में जाकर भी जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया साथ ही नियमानुसार सुरक्षात्मक कार्य किये जाने को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने रामनगर के ढेला नदी व कसेरुवा रपटे पर पुल बनाने को लेकर कहा कि इसकी प्रक्रिया गतिमान है। जल्द ही लिया जाएगा। इसके साथ ही जिलाधिकारी मंडी समिति के सामने रेलवे की भूमि पर जहां पहले नमक फैक्ट्री स्थापित थी वर्तमान में इस फैक्ट्री की लीज समाप्त हो गई है। उन्होंने इस मामले में मौजूद प्राधिकरण के अधिकारियों रेलवे विभाग से पत्राचार करने के निर्देश भी दिए।

# विधानसभा अध्यक्ष ने गांधी पार्क में किया पौधारोपण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्रमजीवी पत्रकार युनियन द्वारा गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खंडूडी भूषण, विधायक रूद्रपुर शिव अरोरा ने पौधारोपण किया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि केवल पौधारोपण ही नहीं बल्कि उसे सुरक्षित रखना भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा



कि दिन प्रतिदिन ग्लोबल वार्मिंग से तापमान एवं पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है, इसलिए उन्होंने से सभी से आह्वान किया कि मां के नाम एक पेड़ अवश्य लगायें व पर्यावरण संरक्षण व प्रदूषण नियंत्रण में अपनी भागीदारी निभायें। इस दौरान जिलाध्यक्ष भाजपा कमल जिंदल, पूर्व मेयर रामपाल सिंह, रामप्रकाश गुप्ता, उपेन्द्र चौधरी, राजीव चावला, अनिल चौहान, भूपेश छिमवाल, राकेश सिंह, शुभम कोली, विशाल कोली, शाहिद खान, मनोज आर्या, अवतार सिंह बिष्ट आदि मौजूद थे।

# खटीमा की समस्याओं को लेकर सीएम से मिले कापड़ी

खटीमा(उद संवाददाता)। उप नेता सदन एवं खटीमा विधायक भुवन कापड़ी गुरुवार को देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिले। उन्होंने खटीमा में बाढ़ के बाद उपजे हालातों से सीएम को अवगत कराया और नौ सूत्रीय एक मांगपत्र भी सौंपा। कापड़ी ने बाढ़ पीड़ितों के लिए मदद और आपदा से टूटी सड़कों व क्षतिग्रस्त भवनों के लिए बजट की मांग की। कापड़ी ने कहा कि बाढ़ का कारण नहरों में अत्यधिक पानी छोड़ा जाना और तटबंधों का टूटना बताया जा रहा है। इसकी भी जांच होनी चाहिए, ताकि आगे से इस तरह की बाढ़ से खटीमा न जूझे।खटीमा में आठ जुलाई को आई बाढ़ के बाद मुख्यमंत्री धामी द्वारा किए जा रहे आपदा राहत कार्यों पर उनका धन्यवाद ज्ञापित कर गुरुवार सुबह विधायक कापड़ी देहरादून में मुख्यमंत्री से मिले। विधायक ने बुधवार को ही सीएम से मिलकर खटीमा के लिए विशेष पैकेज की मांग करने की बात कही थी। कापड़ी ने सीएम से मुलाकात कर उन्हें नौ सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। इसमें कहा कि बाढ़ से हुए नुकसान से खटीमावासी उबर नहीं पा रहे हैं। बाढ़ से भारी नुकसान हुआ है। बाढ़ से मकान क्षतिग्रस्त होने के अलावा लोगों का घरों का सामान, राशन और मवेशी बह गए हैं। हल्दी में दो युवक डूब गए। किसानों की फसलें और व्यापारियों का सामान बर्बाद हो गया है। विधायक ने कहा कि खटीमा में जगह-जगह सड़कें और पुलिया टूटने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। कापड़ी ने सीएम से ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामसभा वार और नगरपालिका क्षेत्र के वार्डवार सर्वे कराने, उचित मुआवजा दिए जाने, क्षतिग्रस्त स्कूलों और सरकारी भवनों की मरम्मत शीघ्र कराने, विभागवार धनराशि आवंटित कर निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की। कापड़ी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने उन्हें उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# शीतला हाट व शीश महल पंप हाउस का किया निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उपाध्यक्ष उत्तराखंड राज्य स्तरीय पेयजल अनुश्रवण परिषद, दिनेश आर्य ने जल निगम व जल संस्थान के अधिकारियों के अगस्त-सितंबर में शुरू हो जाएगा साथ ही शीशमहल पम्प हाउस 15 एमएलडी के प्लांट जिससे लालडांट व कुसुमखेड़ा क्षेत्र को पानी सप्लाई किया जाता है। एक नया 26 एमएलडी की क्षमता का फिल्टर प्लांट बनाया जाएगा। अधिकारीयों ने उपाध्यक्ष को बताया कि इससे ट्यूबवेलों पर निर्भरता कम कर गोला के हल्द्वानी नगर के पेयजल की समस्याओं का निस्तारण हो जाएगा।साथ ही उपाध्यक्ष ने अधिकारीयों को पेयजल की समस्याओं को शीघ्र निस्तारण करने व शीतलाहाट





साथ शीतलाहाट पम्प हाउस व शीशमहल पम्प हाउस का स्थलीय निरीक्षण किया। 3.5 एमएलडी के शीतला हाट पम्प हाउस को जल निगम द्वारा पुर्न निर्माण कर 7 एमएलडी का बनाया जाना है। जिसका कार्यघ शीशमहल के कुल चार फिल्टर प्लांट में से जो दो सबसे पुराने हैं 5.75 एमएलडी व 6.25 एमएलडी जिसको ध्वस्त कर 12.50 एमएलडी का नया फिल्टर प्लांट बनाया जाना है। इसके अतिरिक्त रेलवे लाइन के पार केएमवीएन की भूमि पर पानी को अधिकतम प्रयोग किया जा सकता हैं। पेयजल उपाध्यक्ष दिनेश आर्य ने बताया कि शीतलाहाट पम्प हाउस के पुर्ननिर्माण होने से काठगोदाम से शीशमहल तक पेयजल की समस्याओं का व दोनों पम्प हाउस के पुर्ननिर्माण से पम्प हाउस का कार्य अगस्त में शुरू कर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान अधिशासी अभियन्ता, जल निगम), एके कटारिया, अधिशासी अभियन्ता (जल संस्थान) रवि शंकर लोशाली, सहायक अभियन्ता नीरज तिवारी मौजूद थे।

# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## फर्जी प्रमाणपत्रों का उपयोग

अक्सर ऐसी खबरें आती हैं, जिनमें किसी अभ्यर्थी ने फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर नौकरी हासिल कर ली। मगर संघ लोक सेवा आयोग यानी यूपीएससी जैसी संस्था आमतौर पर इस तरह के आरोपों से बची रही है। माना जाता रहा है कि यूपीएससी की किसी परीक्षा को पास करने के बाद नियुक्ति के लिए चुने गए अभ्यर्थी के प्रमाणपत्रों की गहन जांच होती है। मगर भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए चुनी गई एक अधिकारी पूजा खेडकर के पद के दुरुपयोग के मामले में और उसके बाद जैसी खबरें आ रही हैं, उससे यही लगता है कि संघ लोक सेवा आयोग जैसे उच्च स्तरीय संस्थान में भी किसी उम्मीदवार के प्रमाणपत्रों की जांच को लेकर लापरवाही या उदासीनता बरती जाती है। गौरतलब है कि पुणे में प्रशिक्षु आइएएस अधिकारी पूजा खेडकर यूपीएससी की परीक्षा में चुने जाने के लिए खुद को शारीरिक रूप से दिव्यांग और अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय का बताने के लिए फर्जी प्रमाणपत्र पेश करने के आरोपों का सामना कर रही हैं। उन पर पुणे में तैनाती के दौरान विशेषाधिकारों का दुरुपयोग करने का भी आरोप है।हैरानी की बात यह है कि पूजा खेडकर का मामला सुर्खियों में आने के बाद अब भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के कुछ अन्य अधिकारियों के बारे में भी यह दावा किया गया है कि उन्होंने अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लाभ उठाने के मकसद से फर्जी प्रमाणपत्रों का उपयोग किया है। सवाल है कि जब कोई अभ्यर्थी यूपीएससी की परीक्षाओं में सभी स्तर को पार करके चुन लिया जाता है, तब उसके बाद नियुक्ति के पहले उसके प्रमाणपत्रों की जांच को लेकर कैसी व्यवस्था है कि कोई व्यक्ति हेराफेरी करके अपने लिए प्रमाणपत्र बनवा लेता है, जिसे यूपीएससी भी अपनी जांच में पकड़ नहीं पाता। अब संभव है कि संदिग्ध अधिकारियों के प्रमाणपत्रों की फिर से गहन जांच हो। लेकिन अगर फर्जीवाड़े के आरोप सही पाए गए तो जिस यूपीएससी के समूचे तंत्र को पूरी तरह पाक-साफ और चौकस बताया जाता है, वहां अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों की जांच में इस कदर लापरवाही बरतने को लेकर कैसी धारणा बनेगी? क्या यह देश के सबसे विश्वसनीय माने जाने वाले संस्थान की साख का सवाल नहीं है?

# कांग्रेस फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के सदस्यों का किया स्वागत




देहरादून(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव में प्रदेश की पांच सीटों पर हार के कारणों की समीक्षा के लिए कांग्रेस की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी गुरूवार को उत्तराखंड पहुंची। कमेटी के सदस्य पूर्व सांसद पीएल पुनिया व सांसद रजनी पाटिल तीन दिनों तक लोकसभा वार बैठक कर पार्टी नेताओं व पदाधिकारियों से चुनाव हार की समीक्षा करेंगे। जौलीग्रंट एयरपोर्ट पर प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने उनका स्वागत किया। वहीं प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पूर्व सीएम हरीश रावत सहित अन्य नेताओं ने कमेटी के सदस्य पूर्व सांसद पीएल पुनिया व सांसद रजनी पाटिल का स्वागत किया। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संगठन मथुरादत्त जोशी ने बताया कि सबसे पहले अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद, सांसद प्रत्याशी, विधायक, पूर्व विधायकों के साथ समीक्षा बैठक की जा रही है। इसके बाद संसदीय क्षेत्र के सभी एआईसीसी, पीसीसी सदस्यों, जिला, ब्लाक व नगर कांग्रेस अध्यक्षों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। दोपहर 3.30 बजे से नैनीताल संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद, सांसद प्रत्याशी, विधायक, पूर्व विधायकों, एआईसीसी, पीसीसी सदस्यों, जिला, ब्लाक व नगर कांग्रेस अध्यक्षों के साथ बैठक होगी। 19 जुलाई को 10 बजे से गढ़वाल संसदीय, दो बजे से टिहरी संसदीय और शाम पांच बजे से हरिद्वार संसदीय क्षेत्र की समीक्षा बैठक होगी। 20 जुलाई को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और फ्रंटल संगठन, विभाग व प्रकोष्ठ के अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। कमेटी लोकसभा चुनाव में हार के कारणों पर पार्टी नेताओं व पदाधिकारियों से फीडबैक लेगी।

# धन्य हैं उत्तर प्रदेश सरकार, धन्य है उनकी अनुयाई उत्तराखंड सरकार!

देहरादून। पूर्व सीएम एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने कांवड़ यात्रा को लेकर जारी किए गये यूपी और उत्तराखंड सरकार के फरमान पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए उन्होंने कहा है कि कावड़ मार्गों में पड़ने वाले होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट, रेहड़ी, ठेली वालों को अब अपना पूरा नाम होटल या ठेली पर लगाना पड़ेगा और अपने काम करने वाले लोगों के नाम भी अपने छाती में लगाने पड़ेंगे। जब 21वीं सदी में जातिवाद के बंधन टूट रहे हैं, धार्मिक सहिष्णुता, जातीय असहिष्णुता को बढ़ावा देने वाला यह निर्णय क्यों? हमारे देश और हिन्दू समाज ने छुआछूत के घावों को अपने सीने में सैकड़ों साल सहा और उन घावों को भरने के लिए कई महापुरुषों ने जिनमें गांधी जी भी सम्मिलित हैं, अपना पूरा जीवन लगा दिया। धन्य हैं उत्तर प्रदेश सरकार, धन्य है उनकी अनुयाई उत्तराखंड सरकार! आप उन घावों को फिर कुरेदना चाहते है? एक प्रकार की छुआछूत, दूसरे प्रकार की छुआछूत को बढ़ावा दे। मैं दोनों सरकारों को सावधान करना चाहता हूं कि यह आप बहुत खतरनाक शुरुआत कर रहे हैं।

# राज्यपाल ने किया 'अमरत्व की ओर' पुस्तक का लोकार्पण

देहरादून (उद संवाददाता)। गुरुवार को राजभवन ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने लेखिका डॉ. सुधरानी पाण्डेय की पुस्तक 'अमरत्व की ओर' का लोकार्पण किया। इस पुस्तक में उपनिषद् भारतीय आध्यात्मिक चिंतन के मूल आधार हैं और भारतीय आध्यात्मिक दर्शन के स्रोत हैं। उपनिषद वेदों के अंतिम भाग हैं, इसलिए इन्हें वेदांत भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य अजर-अमर नहीं होता है, लेकिन पुस्तकें तो अमर होती प्राचीन ज्ञान के असीमित ज्ञान के भंडार में झांकें। यह हमारे राष्ट्र निर्माण के लिए और विश्व के स्थायित्व के लिए यह बहुत आवश्यक है। राज्यपाल ने कहा कि इस पुस्तक की कहानियाँ भारतीय आर्ष परंपरा और उपनिषद् के ज्ञान को जानने के लिए



उपनिषदों के गंभीर चिंतन के चयनित अंशों से संगृहीत कर 20 कथाएं हिंदी में प्रकाशित की गई हैं। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि इस पुस्तक में निहित 20 उपनिषद् की कथाएं हमें प्राचीन ज्ञान और अपनी जड़ों से जुड़ने के लिए सेतु का काम करेंगी। राज्यपाल ने कहा कि हैं। लेखकों द्वारा लिखी गई पुस्तकें हमेशा जीवित रहती है और हमारा मार्गदर्शन करती है, जिससे लेखक भी पुस्तकों के रूप में हमेशा जीवित रहते हैं। उन्होंने कहा कि समस्त दुनिया की अनगिनत समस्याओं का समाधान भारतीय ज्ञान प्रणाली में निहित है। अब समय आ गया है कि हम अपने सुधी पाठकों की जिज्ञासा को दूर करने में सहायक बनेंगी। संस्कृत ज्ञान से अपरिचित नई पीढ़ी के विभिन्न विषयों के छात्र, अध्यापकों के लिए भी यह कृति उपयोगी हो सकती है। विशिष्ट अतिथि मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि राजभवन जैसे विशिष्ट स्थान से इस प्रकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन बहुत सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तकनीकी एवं संचार क्रांति के युग में यह पुस्तक वेद, उपनिषद् ज्ञान के साथ ब्रह्माण्ड, विज्ञान और सृष्टि के रहस्य को समझने में सहायक सिद्ध होगी। पूर्व डीजीपी उत्तराखण्ड अनिल रतूड़ी ने पुस्तक की समीक्षा रखते हुए कहा कि आज जब विश्व में अशांति का माहौल है ऐसे में इस पुस्तक की प्रासांगिकता बढ़ जाती है। पुस्तक की लेखिका डॉ. सुधरानी पाण्डेय ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने उपनिषदों की कथाओं को सरल शब्दों में पाठकों तक पहुंचाने का प्रयास किया है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राम 'विनय' ने किया। इस अवसर पर दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल, उत्तराखण्ड तकनीकी वि.वि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, पूर्व मुख्य सचिव इंदु कुमार पाण्डेय, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव सहित अनेक लेखक एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# जंगली सुअरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग

बागेश्वर(उद संवाददाता)। विकास खंड के जौलकांडे गांव में सुबह के समय सुअरों का आतंक बना हुआ है। ग्रामीणों ने इसका वीडियो बनाकर वायरल किया है तथा सरकार से इस ओर ध्यान देकर सुअरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। उन्होंने इस वीडियो को जनप्रतिनिधियों को भेजकर किसानों को मुआवजे की भी मांग की है। बागेश्वर वन क्षेत्र में लंबे समय से जंगली सुअरों का



आतंक बना हुआ है। इन दिनों सुबह व सायं सुअरों का झुंड गांव में दिख रहा है। उप प्रधान नैना लोहुमी ने बताया कि पिछले तीन सप्ताह से लगातार सुअरों का झुंड किसी न किसी किसान के खेतों को नुकसान पहुंचा रहा है जिनकी संख्या सात से आठ तक है। सुअरों द्वारा किसानों की वर्ष भर उगाई गई फसल को नष्ट कर दिया है। लौकी, कद्दू, ककड़ी समेत पिनालू, गडेरी की पौध को नुकसान पहुंचा चुके हैं। कहा कि अब यह झुंड दिन में भी दिखाई देने लगे हैं जिससे ग्रामीणों को भय बना हुआ है। बताया कि इस संबंध में कई बार वन विभाग व जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जा चुका है परंतु किसी के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा हे जिससे किसान परेशान हैं। उन्होंने वन विभाग से सुअरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

# सीएम ने किया 'हमारी विरासत एवं विभूतियां' पुस्तक का विमोचन

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सचिवालय में "हमारी विरासत एवं विभूतियां" पुस्तक का विमोचन किया। इस पुस्तक के माध्यम से सरकारी विद्यालयों में प्रारंभिक कक्षाओं के छात्र अब राज्य आंदोलन के साथ ही अमर शहीदों के बलिदान की गाथा से भी परिचित होंगे। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा हमारी विरासत एवं विभूतियां पुस्तक प्रकाशित की गई है, जिसे कक्षा छह से आठ तक सामाजिक विज्ञान विषय की सहायक पुस्तिका के रूप में पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पुस्तक राज्य की युवा पीढ़ी को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक, लोक विरासत, लोकगीत, लोक नृत्य के साथ संस्कृति के विविध आयामों से परिचित कराने में मददगार होने के साथ राज्य की महान विभूतियों के जीवनी से परिचित हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी देश व प्रदेश का सामाजिक एवं आर्थिक विकास वहां के बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। इसमें शिक्षकों की भी बड़ी जिम्मेदारी होती है। बच्चों को जीवन में आगे बढाने में उनका अमूल्य योगदान रहता है। महानिदेशक शिक्षा श्री बंशीधर तिवारी ने बताया, बाल साहित्य के रूप में छात्रों के हित में इस पुस्तक को प्रकाशित किया गया है। इसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को राज्य के प्राकृतिक स्थलों, वेशभूषा, खानपान और अपनी संस्कृति की जानकारी मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक कक्षाओं में छात्र श्रीदेव सुमन, तीलू रौतेली सहित अनेक महान विभूतियों के बारे में पढ़ेंगे। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी यह पुस्तक आधार बनेगी। इस पुस्तक के माध्यम से बच्चों को राज्य की धार्मिक, एतिहासिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विरासत से भी परिचित होंगे। महानिदेश शिक्षा ने बताया कि एससीईआरटी की ओर से कक्षा छह से आठ तक के छात्र-छात्राओं के लिए "हमारी विरासत एवं विभूतियां" पुस्तक प्रकाशित करने के बाद इसी प्रकार अब कक्षा नौ और 10वीं के छात्र-छात्राओं के लिए भी पुस्तक तैयार की जाएगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री सतपाल महाराज, श्री प्रेमचन्द अग्रवाल, डॉ. धन सिंह रावत, श्री गणेश जोशी, श्री सुबोध उनियाल, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, सचिव श्री विनय शंकर पाण्डेय, निदेशक अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण उत्तराखण्ड श्रीमती बंदना गर्ब्याल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, भारतीय स्टेट बैंक शाखा नानकमत्ता में मेरे खाता संख्या-33760862226 में मेरा नाम भूलवश GHUMADEVI W/o CHATRAM SINGH दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही नाम DHUMAVATI W/o CHETRAM SINGH है, जो कि आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों में भी दर्ज है।

-धुमावती पत्नी चेतराम सिंह
निवासी-ग्राम ऐचता,
उप तहसील-नानकमत्ता,
जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड


# मांग पूरी नहीं होने से गल्ला विक्रेता नाराज

बागेश्वर(उद संवाददाता)। सात सूत्रीय मांगों को लेकर सरकारी सस्ता गल्ला बिक्रेता संघ एक बार फिर अपनी मांगों को मनाने के लिए अडिग हो गया है।उन्होंने सभा कर कहा कि सरकार उनकी उपेक्षा कर रही है। लम्बे समय से अपनी प्रमुख मांगो को लेकर ज्ञापन देने पर उन्हें कोरा आश्वासन देकर समस्याओ का निदान करने की बात कही जाती है, वही अब तक उन्हें लाभांश का भुगतान भी नहीं दिया गया है। उन्होंने हर महीने नेट चार्ज समय पर देने की मांग की है। गल्ला विक्रेताओं ने जल्द मांगे पूरी नहीं होने पर आगे सख्त रणनीति अपनाने की बात की है। गल्ला बिक्रेता गुरुवार को नुमाईशखेत मैदान में एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि अक्टूबर 2022 से दिसंबर 2022 तक के पीएमजीकेवाइके बिजली के बिजली का भुगतान आज तक नहीं हो पाया है। नबंबर 2023 से जुलाई 2024 के भलांश का भुगतान देने में सकरार आनाकानी कर रही है। कोरोनाकाल का भाड़ा व लाभांश के बिल प्रीपेड में भेजे गए है। उनका भुगतान आज तक नहीं हो पाया है। उन्होंने बिलों की जांच कर जल्द भुगतान करने की मांग की। इसके अलावा हर महीने नेट चार्ज देने, आंगनबाड़ी के बिलों का भुगतान करने, ठेकेदारों द्वारा रोका गया भ्रतान दिलाने की मोंग की है। वक्ताओं ने कहा कि गोदाम से दुकानों में डिलीवरी में ठेकेदार द्वारा घोड़ा खच्चर व पैदाल भुगतान देने में असमर्थता जताई है। इससे उनकी परेशानी बढ़ गई है। उन्होंने जल्द समस्या के समाधन की मांग की है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष गणेश रावत, सचिव अशोक बिष्ट,हेम कांडपाल, मनोज कुमार, पान सिंह , पूरन सिंह असवाल,कोषाध्यक्ष नवीन चंद्र आर्य, पुष्कर बिष्ट, आदि मौजूद रहे।



# मारपीट को लेकर आक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन

पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ में ऐंचोली के पास रविवार 14 जुलाई को दो युवकों के साथ हुई मारपीट करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। हालांकि पुलिस इस मामले में युवाओं के साथ मारपीट करने वाले आठ युवाओं को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर चुकी है। इस घटना के बाद से विभिन्न जन संगठनों में आक्रोश है। उन्होंने कलक्ट्रेट पहुंचकर पुलिस-प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर डीएम से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। विभिन्न जन संगठनों ने इस संबंध में डीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा है। उन्होंने कुछ लोगों पर एससी, एसटी एक्ट का दुरुपयोग करने के आरोप लगाए हैं। बृहस्पतिवार को देवभूमि क्षत्रिय समिति के बैनर तले विभिन्न जन संगठनों के लोग कलक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने कहा कि 14 जुलाई को भट्यूड़ा गांव के आठ युवाओं ने दो युवाओं के साथ बेवजह मारपीट कर दी। इसमें शेखर वल्दिया और एक अन्य नेपाली नागरिक को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद से



नेपाली नागरिक पिथौरागढ़ में नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग एससी, एसटी एक्ट का दुरुपयोग कर रहे हैं। खुद मारपीट करने के बाद निर्दोष लोगों को फंसाने और धन वसूली के लिए धमकाया जा रहा है। इस दौरान मारपीट में घायल शेखर वल्दिया की मां का आक्रोश फूट पड़ा। उन्होंने कहा कि मैं शहीद की पत्नी हूं। मेरे पति ने देश की रक्षा के लिए सीने में गोलियां खाई हैं। मेरे बेटे को अकारण पीटा गया है। उन्होंने मारपीट करने वाले आठ युवाओं पर हत्या के प्रयास की धारा लगाकर कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर कार्रवाई नहीं की गई तो वह कलक्ट्रेट में पेट्रोल डालकर आत्मदाह कर लेंगी। इस मौके पर देवभूमि क्षत्रिय समिति के अध्यक्ष गिरधर सिंह बिष्ट, इंद्रजीत सिंह बिष्ट, पूर्व सैनिक शमशेर महर, मुकेश पंत सहित कई लोग मौजूद रहे। युवाओं से मारपीट के मामले में विभिन्न जन संगठनों ने डीएम रीना जोशी से मुलाकात की। इस दौरान डीएम रीना जोशी ने कहा इस मामले में भट्यूड़ा गांव के आठ युवाओं के खिलाफ बीएनएस की धारा 111( 2) और 191 (2 ) और बलवा में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की गई है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में निष्पक्ष जांच की जाएगी। इस दौरान सीओ परवेज अली ने कहा कि पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# युवा उद्यमी ने किया पौधों का वितरण

कपकोट। सरयू घाटी के झूनी के युवा उद्यमी और सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णा सिंह कुमल्टा ने स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर 100 से अधिक काश्तकारों को विदेशी प्रजाति के सेब, कीवी और पूलम के हजारों पौध वितरित किए। कुमल्टा ने लोगों से कहा कि फलोत्पादन से जहाँ रोजगार के अवसर बढ़ेंगे वहीं रोजगार के लिए महा नगरों की ओर पलायन को मजबूर नहीं होना पड़ेगा। कृष्णा ने झूनी, खलझूनी, बैछम, पतियासार, सूपी और तलाई के 100 से अधिक कास्तकारों को विभिन्न विदेशी प्रजाति के पांच हजार से भी सेव, कीवी और पूलम



के पौधों का नि:शुल्क वितरण किया।उन्होंने कहा कि उच्च हिमालयी क्षेत्र से जुड़े गांवों की जलवायु विदेशी प्रजाति के फलों की पैदावार के लिए उपर्युक्त है। बाजार में जहां इनकी मांग अधिक है वहीं इनके दाम भी अच्छे मिल रहे हैं किसानों को अपनी आय बढ़ाने के लिए पारंपरिक खेती में बदलाव करना चाहिए। खेत फल पेड़ों से लहलहाएंगे तो रोजगार के लिए न तो दूसरों का मुंह ताकना पड़ेगा और न ही पलायन को ही मजबूर ही होना पड़ेगा।बड़े स्तर पर फलोत्पादन होने से वह दूसरों को भी रोजगार दे सकते है।

# पांच दिन से सिमकुना के लापता युवक का अब तक नहीं चला पता

कांडा(उद संवाददाता)। कांडा तहसील के सिमकुना गांव का बबलू कुमार 14 जुलाई से लापता है। बबलू कुमार का कहीं कोई पता नहीं चल पा रहा है। मोबाइल फोन पर भी संपर्क नहीं हो पा रहा है। वह बंगलुरु में होटल में नौकरी करता है। बंगलुरु से दिल्ली निजामुद्दीन स्टेशन आया था। 14 जुलाई को 11 बजे निजामुद्दीन पहुंचकर उसने अपने घर माता बिमला देवी को फोन किया मां मेरी तबियत थोड़ा ठीक नहीं है। आज में दिल्ली में किसी दोस्त के पास रुक जाता हूं। कल बस से आ जाऊंगा। तब से बबलू कुमार ना फोन लग रहा है और ना कोई अता पता है। जिससे परिजन आशंकित है, पांच दिन बीतने के बाद भी लापता हुए बबलू कुमार का कोई सुराग



नहीं मिल पाया है।घर में बेटे के आने की राह देख रही माता बेटे के घर नही पहुंचने पर बेसुध है, वही अपने इष्ट देवता को याद कर बेटे के सकुशल घर लौटने की मन्नतें मांग रही है वही लोगों से पुलिस से बेटे की बरामदगी की याचना कर सहयोग की विनती कर रही है। पच्चीस साल का बबलू के लापता होने से मां बिमला देवी व किशोर राम का रो- रोकर बुरा हाल है। उन्होंने पुलिस से मदद की गुहार लगाई है।

# मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। दो दिवसीय नगर पंचायत एवं न्याय पंचायत स्तरीय मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति प्रतियोगिताओं का आयोजन पुष्पा प्रियंका सरस्वती विद्या मंदिर नानकमत्ता में किया जा रहा है। प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ विद्यालय के प्रबंधक हरिश्चंद्र जोशी ,प्रधानाचार्य मदन सिंह जलाल, संकुल प्रभारी जसौद मेहता द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नेता खिलानंद अटवाल ने किया। बालक वर्ग में 30 मी फ्लाइंग दौड़, मेडिसिन बॉल थ्रो, फारवर्ड बैंड रिच,6गुणा10शटल रन, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप आदि प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई। संकुल प्रभारी जसौद मेहता द्वारा बताया गया कि कल 20 जुलाई को बालिका वर्ग के प्रतियोगिताएं संपन्न कराई



जाएगी। न्याय पंचायत एवं नगर पंचायत में सफल होने वाले प्रथम तीन स्थान प्राप्त खिलाड़ी विकासखंड स्तर पर 22 एवं 23 जुलाई को राजकीय इंटर कॉलेज शक्ति फार्म में प्रतिभाग करेंगे। सूरज सक्सेना ने अपने उद्बोधन में प्रतिभागी खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुआ खेल भावना से खेलने हेतु प्रेरित किया। खिलानंद अटवाल ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्रबंधक प्रधानाचार्य व विद्यालय परिवार द्वारा प्रतियोगिताओं के आयोजन में सहयोग करने पर सराहना करते हुए उत्तम व्यवस्था हेतु धन्यवाद दिया। प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने हेतु लेखाप्रमुख के रूप में निमाई चंद्र माझी, वीरेंद्र सिंह,शिव सिंह बिष्ट, पुष्पेंद्र कटियार, नवीन शर्मा, किशोर डांगी ,किशन चंद, श्वेता भट्ट, लीला रौतेला, फकीर राणा, भावना राना,जितेन्द्र राना, अभिषेक चौहान, खजान सिंह निर्मल सिंह , विशाल राना आयुष मेहता आदि उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब खटीमा के जीडी जोशी बने अध्यक्ष

खटीमा(उद संवाददाता)। लायंस क्लब खटीमा का अधिष्ठापन समारोह का भव्य आयोजन हुआ। इसमें लायंस क्लब के नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। जीडी जोशी को सर्वसम्मति से लायंस क्लब खटीमा का अध्यक्ष घोषित किया गया। जबकि अजय त्रिवेदी को सचिव और ओशो आमिर को कोषाध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम में सभी नए पदाधिकारियों का फूल पहनाकर स्वागत किया गया। मंडलाधीश ने लॉयंस क्लब खटीमा की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जोन चेयरपर्सन बसंत जोशी को जोन की पिन लगाकर सम्मानित किया गया। क्लब में दो नए सदस्यों को विशाल दीक्षित की ओर से शपथ दिलाई दी गई। नवनियुक्त अध्यक्ष जीडी जोशी सहित उनकी नई टीम को परमजीत सिंह ने शपथ दिलाई। अधिष्ठापन समारोह में लॉयंस क्लब टनकपुर, बनबसा, खटीमा सिटी सहित लायंस क्लब खटीमा के सभी सदस्य सपरिवार पहुंचे। नवनियुक्त अध्यक्ष ने सभी को पर्यावरण के जागरूकता के लिए एक पौधा मां के नाम से भेंट किया गया। वहां ममता जोशी, मुकेश जैन, मनोज तिवारी,डॉ.आरसी मिश्रा आदि थे।

# गुरू पूर्णिमा पर श्री बालाजी दरबार कल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श कालोनी स्थित सिद्धेश्वर श्री बालाजी मंदिर में गुरू पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर महाभंडारा एवं विशाल श्री बालाजी दरबार का भव्य आयोजन होगा। जानकारी देते हुए मंदिर से जुड़े सेवादारों ने बताया कि 20 जुलाई को गुरू पूर्णिमा का पर्व सिद्धेश्वर श्री बालाजी मंदिर के महंत रमेश वशिष्ठ के सानिध्य में धूमधाम से नाया जायेगा। इस अवसर पर शनिवार शाम संध्या आरती के उपरांत रात्रि 8 बजे से महा भंडारा आयोजित होगा। रात्रि 9 बजे से श्री बालाजी महाराज का विराट दरबार प्रारम्भ होगा।जो पूरी रात चलेगा।

# छह माह बाद बाईक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पुलिस ने बाइक चोरी की रिपार्ट छह महीने बाद दर्ज की है। बाइक स्वामी ने पुलिस में बाइक चोरी की शिकायत टीपीनगर चौकी में दर्ज कराई थी। प्रेमपुर लोशज्ञानी हल्द्वानी निवासी हिमांशु बिष्ट पुत्र आनंद सिंह बिष्ट ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसन अपनी देवलचौड़ स्थित लाल बहादुर शास्त्री कम्प्यूटर के बाहर खड़ी की थी। पीड़ित का कहना है कि उसने बाइक चोरी की रिपोर्ट 17 दिसंबर 2023 को दर्ज कराई थी जिसके बाद पुलिस छह महीने से बाइक ढूंढने का आश्वासन ही देती रही। अब पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है।

# फायरिंग मामले में आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बीते दिनों ग्राम भूरारानी में बाईक सवार युवकों द्वारा की गई फायरिंग के मामले में पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में ग्राम भूरारानी निवासी सीता देवी पत्नी मदनराम ने कहा है कि उसका पुत्र शिव कुमार अपने दोस्त राजू को लेकर 16 जुलाई को घर को आ रहा था। राजू अदलखा ग्लास स्टोर में काम करता है। काशीपुर मार्ग पर ओवर ब्रिज के पास पहले से घात लगाकर बैठे फतेह, संदीप, विपुल, रोहित, संदीप, राहुल निवासी बगवाड़ा, बादल, रोहित पुत्र विनोद साहनी निवासी भूरारानी हाथों में देसी कट्टे, धारदार हथियार, लोहे की रॉड लेकर मारने के लिए दौड़े। जिस पर बाईक वहीं पर ही छोड़कर दोनों फ्रेंड्स कालोनी फार्म में जाकर छिप गये। जिसके बाद हमलावर शिव कुमार को ढ़ूढ़ते हुए उसके घर के पास पहुंच गये और अलग अलग स्थानों पर फायरिंग कर दहशत फैला दी। 17 जुलाई को शिव के मोबाईल पर फोन कर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने उक्त सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पेज एक का शेष...

**कमिश्नर ने रूद्रपुर और किच्छा..**.वाले लोगों को समय एवं धन की काफी बचत होगी। बिलासपुर की ओर से आने वाले वाहनों को रूद्रपुर से होकर मिलने वाले जाम से छुटकारा मिल जायेगा वह इस मार्ग पर से होकर सीधा पारले चौक में राष्ट्रीय मार्ग से जुड़ जायेंगे। वहीं किच्छा से होकर दिल्ली जाने वाले वाहन भी इस मार्ग पर से होकर यूपी सीमा में राष्ट्रीय मार्ग से जुड़ जायेंगे। उन्होंने बताया कि रूद्रपुर में बढ़े वाहन चालकों को नो इंट्री से भी निजात मिल जायेगी। उन्होंने बताया मार्ग पूर्ण होने से इसका लाभ राज्यवासियों के साथ ही देवभूमि में आने वाले पर्यटकों को भी मिलेगा। कमिश्नर श्री रावत ने कहा कि मार्ग निर्माण में आने वाली हर अड़चनों को दूर किया जायेगा। ताकि लोगों को इसका जल्द लाभ मिल सके। कमिश्नर ने बाद में किच्छा पहुंचकर एम्स में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने तहसील और एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण कर वहां भी काम काज की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी उदयराज सिंह, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, कौस्तुभ मिश्रा, प्रबंधक मीनू, तहसीलदार किच्छा गिरीश त्रिपाठी सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

**समाज उत्थान के लिए..**अध्यक्ष कमल जिंदल अमित नारंग विकास शर्मा राम प्रकाश गुप्ता राकेश सिंह तरुण दत्ता धर्म सिंह कोहली योगेश वर्मा शैली फुटेला भूपेंद्र चौधरी देवेंद्र सिंह बामल ज्ञान सिंह चौहान पीके राय, निशांत ढल्ला, अंकित नरूला, अजय लूथरा,अक्षय गाबा, राज कोली अमित कालरा, कपिल कालरा, रोहित कालरा,अजीत कुमार, गौरव तागरा, गुरमुख सिंह,सन्नी चुघ, अवतार सिंह प्रशांत शाही, राजीव अहूजा, सुरेंद्र मिड्डा, सन्नी धवन, अशोक छाबड़ा, राजन राठौर, बबलू सागर, शिव कुमार शिबू मोहन तिवारी, विजय भान सिंह, निशु शर्मा, चन्दर चुघ, राज कोली, रोहित कालरा, सनी पुनियानी,मनोज मदन, हरीश चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।

**कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानो..**.तरह उत्तराखंड में भी कांवड़ यात्रा के रूप पर दुकानदारों को होटल और ढाबे वालों को रेट लिस्ट के साथ ही अपना नाम लिखने के आदेश जारी किये गये हैं। हरिद्वार पुलिस प्रशासन ने रेस्टोरेंट मालिकों को कांवड़ यात्रा मार्ग पर नाम प्रदर्शित करने का आदेश जारी किया है। हरिद्वार एसएसपी परमेंद्र डोबाल ने बताया कि कांवड़ मार्ग पर जो होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट हैं या जो रेड़ी-पटरी वाले हैं उन्हें उनके मालिक का नाम अनिवार्य रूप से लिखना होगा। ऐसा न करने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं मंगलौर क्षेत्र में ढाबे पर लहसुन और प्याज का भोजन परोसे जाने से हुए हंगामे के बाद पुलिस ने ढाबा और होटल संचालकों के साथ बैठक की। इसमें पुलिस ने कहा कि ढाबा और होटलों में कांवड़ यात्रा के दौरान लहसुन और प्याज का खाना नहीं परोसा जाएगा। साथ ही मांसाहार किसी भी स्थिति में नहीं बनाया जाएगा।

**गुलदार ने छात्र को ..**उसे नहीं छोड़ा। सूचना पर स्थानीय पुलिस और वन विभाग की टीम के साथ स्थानीय लोग कई घंटों तक उसे ढूंढ़ते रहे, लेकिन किशोर का कुछ पता न चल सका। देर रात वन विभाग और पुलिस की टीम को किशोर का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। किशोर की मां शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। अनुराग कक्षा बारहवीं का छात्र था। देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि गुलदार को सुबह साढ़े पांच बजे के करीब पिंजरे में कैद कर दिया गया है।

**खाते में बिना लेन देन ..**नहीं दिया। कामेश्वर का कहना है कि मई 2024 में उसे इलाहाबाद बैंक (इण्डियन बैंक) की ओर से एक नोटिस 4-5-2024 प्राप्त हुआ जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि केसीसी ऋण योजना के अन्तर्गत उसका बीस लाख रूपये का ऋण स्वीकृत किया गया है तथा यह भी उल्लेख किया गया है कि उनके द्वारा उक्त खाते में नियमित रूप से देनदारी नहीं की गयी है, जिस कारण खाता एनपीए कर दिया गया है तथा नोटिस में 21,03,740 रूपये जमा करने हेतु 7 दिन का समय दिया गया है। उन्होंने बताया कि नोटिस प्राप्त होने के पश्चात उनको समस्त मामले की जानकारी मिली। वास्तविकता यह है कि उनके द्वारा केसीसी खाते में स्वीकृत बीस लाख रूपये के ऋण को वापिस कर दिया गया था जो कि उनके बचत खाते से काटा गया था। जब इलाहाबाद बैंक से फोन आया कि अपने सीसी खाता में धनराशि जमा कराये। जिस पर उन्होंने बैंक पहुंचकर मैनेजर को सारी बातें बताई तथा यह भी बताया कि उन्होंने बैंक से कोई लेन-देन नहीं किया है। कामेश्वर का कहना है कि उनके संज्ञान में आया कि बैंक कर्मचारियों ने मिलीभगत कर मनमाने तरीके से 31-12-2013 तथा 11-08-2014 के बाद से मनमाने तरीके से लेन-देन दिखाया गया है। 31-03-2020 तथा उसके बाद भी सम्बन्धित बैंक अधिकारियों/कर्मचारियोंने उसके खाते से अन्य खातों में स्थानातरण किया गया है जो कि उनकी जानकारी मे नही है और न ही उसकी सहमति से है। उनका आरोप है कि बैंक कर्मचारियों द्वारा मैनेजर से सांठ-गांठ कर उनके बचत खाता से धनराशि का हेर-फेर किया गया है।

**लेह में उत्तरकाशी...**और दूसरा छोटा भाई भी सेना में है। सीएम धामी ने ट्वीट कर जवान के बलिदान होने पर शोक जताया। उन्होंने पोस्ट में कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि पुण्यात्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोकाकुल परिजनों को यह असीम दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

**व्यापार मण्डल चुनाव...**पत्र दाखिल किया गया। इसके उपरांत कोषाध्यक्ष पद हेतु नीरज बजाज द्वारा नामांकन दाखिल किया गया। अध्यक्ष पद हेतु गुलशन सिंध ी, अमन मदान और दानिश इकबाल ने नामांकन दाखिल किये। महामंत्री पद के लिए शिवकुमार मित्तल, अंकुर शर्मा, इंतजार खान, जगरूप सिंह गोल्डी, मोहम्मद अदनान, रियाज मलिक ने नामांकन पत्र भरे। जबकि कोषाध्यक्ष पद के लिए दलजीत सिंह, इंतजार खान, नीरज कुमार बजाज ने शक्ति प्रदर्शन के साथ नामांकन पत्र दाखिल किये। चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष सतपाल गाबा ने बताया कि 20 जुलाई शाम चार बजे तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे। 25 जुलाई को मतदान कराया जायेगा।

संस्थापक- स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# बजट बढ़ा, समय भी बढ़ा पर 'आकार' नहीं ले सका 'सैन्य धाम'

## उत्तराखंड में निर्माणाधीन सैन्य धाम प्रेजेक्ट का बजट 49 से बढ़कर हुआ 99 करोड़, ठेकेदार को कर दिया गया 35 करोड़ 94 लाख का भुगतान पर निर्माण कार्य की रफ्तार बेहद सुस्त

-अर्श-

देहरादून। सूबे की राजधानी स्थित एक गांव पुरुकुल में निर्माणाधीन सैन्यधाम, जिसे की भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में अरसे से प्रचारित करती आई है और जिसे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के पांचवें धाम की संज्ञा दी है, शुरुआत से ही तमाम अनियमितताओं के घेरे में है। इन्हीं अनियमितताओं के चलते शहीदों के सम्मान से जुड़े इस प्रोजेक्ट का बजट जहां 49 करोड़ से बढ़कर 99 करोड़ तक पहुंच गया है, वही इस प्रोजेक्ट के पूरा होने की डेडलाइन तीन दफे बढ़ाई जा चुकी है। बावजूद इसके उत्तराखंड के इस पांचवें धाम का निर्माण निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा हो पाने के आसार बेहद कम है । बात सैन्यधाम प्रोजेक्ट से जुड़ी विसंगतियों की करें ? तो टेंडर बुलाने से लेकर ठेकेदार को किए गए भुगतान की तमाम कार्यवाही नौकरशाही और ठेकेदार की मिली भगत वाले भ्रष्टाचार के किसी 'बड़े खेल' की तरफ साफ इशारा करती है।

सैन्यधाम के निर्माण में विलंब को लेकर आरटीआई एक्टिविस्ट एडवोकेट विकेश नेगी द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत चाही गई जानकारी के संबंध में प्राप्त जवाब से यह तथ्य उजागर हुआ है कि सैन्यधाम के टेंडर से लेकर निर्माण कार्यों में करोड़ों का गोलमाल हुआ है। ज्ञात हो कि देहरादून के पुरुकुल गांव में सैन्यधाम का निर्माण चल रहा है ।धाम के निर्माण के लिए अधिकांश राशि केंद्र ने दी है । पहले यह प्रोजेक्ट 8 नवंबर 2023 तक पूरा होना था। फिर इसकी डेडलाइन मार्च 2024 तय कर दी गई और अब इस समय सीमा को बढ़कर अक्टूबर 2024 कर दिया गया है। आरटीआई के तहत हासिल जानकारी के अनुसार उत्तराखंड पेयजल संसाधन एवं विकास निर्माण निगम ने इसका ग्लोबल टेंडर जारी नहीं किया। पोर्टल पर जारी यह टेंडर पहले 48 लाख का था। इसमें दो कंपनियां मेसर्स शिवकुमार अग्रवाल और मेसर्स एमएचपीएल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने भाग लिया। तकनीकी रूप से त्रुटि पूर्ण होने के कारण इस टेंडर को विभाग ने निरस्त कर दिया और दोबारा निविदा आमंत्रित की गई ।तब तत्कालीन वित्त सचिव ने इस कार्यवाही पर सवाल उठाया और पूछा कि यह तकनीकी निविदा खोली ही क्यों गई? आरटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार निगम ने इतनी बड़ी धनराशि का टेंडर बिना प्रशासनिक अनुमति के जारी किया था तथा टेंडर के लिए जिन दो कंपनियों ने






निविदा में भाग लिया था उनके स्टंप और नोटरी एक ही वेंडर से किए गए थे । इसलिए दोबारा अल्प कालिक टेंडर जारी किया गया। दूसरी बार भी इन्हीं दोनों कंपनियों ने टेंडर डाला। इस बार यह ठेका मेंसर्स शिवकुमार अग्रवाल को दे दिया गया तथा टेंडर की राशि बढ़ाकर 49 करोड़ कर दी गई। इतना ही नहीं विभाग ने ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए कंटीजेंसी का लगभग 1 करोड़ 9 लाख रुपया भी छोड़ दिया। इसके अलावा टेंडर ओवर प्राइस था और इसे ग्लोबल भी नहीं किया गया। पेय जल निगम ने इस प्रोजेक्ट को पूरा करने की जिम्मेदारी विकास नगर यूनिट के प्रोजेक्ट मैनेजर रविंद्र कुमार को दी थी। जब रविंद्र का तबादला देहरादून हुआ तो वह अपने साथ जेई शीतल गुरुंग और एआई संजय यादव को भी योजना में साथ ले आए ।योजना बनाते समय इन इंजीनियरों और संबंधित अफसर ने बेहद लापरवाही बरती, जिसके कारण यह प्रोजेक्ट 49 से 99 करोड़ का हो गया। सैन्यधाम में उपयोग में लाया गया मटेरियल भी बेहद घटिया दर्जे का है तथा ठेकेदार को निविदा शर्तों के विपरीत समय-समय पर अग्रिम भुगतान भी किया गया है ।कुल मिलाकर ठेकेदार को अब तक 35 करोड़ 94 लाख का भुगतान किया जा चुका है ।यही नहीं, ठेकेदार को 7 करोड़ 75 लाख के अतिरिक्त कार्य भी आवंटित कर दिए गए हैं ।आमतौर पर निविदा के दौरान ठेकेदार की बिड कैपेसिटी को नापा जाता है। इस आधार पर ठेकेदार शिवकुमार की बिड कैपेसिटी लगभग 53 करोड़ है। ऐसे में संबंधित ठेकेदार से सैन्यधाम का कार्य कराया जाना मानकों के अनुरूप बिल्कुल भी नहीं है।

# निर्माणाधीन सिग्नेचर ब्रिज ढहने से मचा हड़कंप

रूद्रप्रयाग। ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर नरकोटा में निर्माणाधीन सिग्नेचर ब्रिज का एक तरफ का ढांचा अचानक ढह गया। गनीमत रही कि यहां लोग काम नहीं कर रहे थे, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। ऑलवेदर रोड परियोजना के तहत ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर नरकोटा में 110 मीटर स्पान का सिग्नेचर ब्रिज बनाया जा



रहा है। अब ब्रिज का ऊपरी फ्रेम तैयार किया जा रहा था। गुरुवार शाम पांच बजे पुल का रुद्रप्रयाग की तरफ वाला टॉवर ढह गया, जिससे फ्रेम भी ध्वस्त हो गया। टॉवर और फ्रेम के ध्वस्त होने का कारण अधिक वजन होना माना जा रहा है। बता दें कि 2022 जुलाई में भी इस ब्रिज की शटरिंग ध्वस्त हो गई थी। तब दो मजदूरों की मौत भी हो गई थी।

# विजडम पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विजडम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यालय के कक्षा 9से 12 के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रदर्शनी में लगभग 15 मॉडल थे। विद्यालय के प्रबंध निदेशक गोपाल सिंह पटवाल, मुख्य अतिथि के रूप में मोनाड पब्लिक स्कूल के निदेशक संजय सिंह, आर. सी. नेगी ने संयुक्त रूप से प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। प्रदर्शनी में पूजा गोस्वामी के समूह ने स्वर्ण पदक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया,जिनका मॉडल परिसंचरण तंत्र पर आधारित था। धूम्रपान पर आधारित मॉडल के साथ मोहित राजपूत का समूह रजत पदक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहा। अदिति शाहा के समूह ने तंत्रिका तंत्र पर आधारित मॉडल के साथ कांस्य पदक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि संजय सिंह ने छात्र-छात्राओं को सकारात्मक प्रतियोगिताओं के लाभ बताते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य ने छात्र /छात्राओं को सम्बोधित करते हुए उन्हें कर्त्तव्यपथ पर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।विद्यालय प्रबंध निदेशक गोपाल सिंह पटवाल ने शिक्षकों तथा छात्र /छात्राओं को बधाई दी और निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर रहने की प्रेरणा देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रदर्शनी में विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप सिंह रौतेला, उपप्रधानाचार्या श्रीमती साक्षी मिश्रा तथा सम्बन्धित विषयों के शिक्षक- शिक्षिकाएँ मौजूदथे।






# स्कूल में बाघ की अफवाह पर उमड़े लोग

हल्द्वानी( उद संवाददाता)। शायद आप लोगों ने यह कहावत तो सुनी होगी की खोदा पहाड़ निकली चुहिया यह कहावत बनभूलपुरा के मुजाहिद चौक पर चरितार्थ होती दिखाई दी। वनभूलपुरा के राजकीय बालिका इंटर कालेज में गुलदार दिखने की खबर मात्र से लोगों का सैलाब सड़क पर उतर आया। हालांकि इस खबर की पुष्टि नहीं हो पाई है कि वह वाकई में गुलदार था। अफवाह फैली तो मौके पर लोगों का जमावड़ा लग गया। लोग तरह-तरह की बातें करने लगे। इतनी बड़ी आबादी के बीच गुलदार के घुसने की अफवाह बेमानी नजर आ रही है। दरअसल मुजाहिद चौक में राजकीय बालिका इंटर कालेज है। रात करीब साढ़े ग्यारह बजे अफवाह फैल गई कि बालिका इंटर कालेज में बाघ घुस गया। स्कूल में बाघ क्या घुसा लोग तमाश बीन बन गए और सैकड़ों का रेला सड़क पर उतर आया। हालांकि अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है कि वनभूलपुरा में गुलदार या बाघ की इंट्री हुई है। बता दें कि पिछले कई दिनों से शहर की आबादी में गुलदार की धमक देखने को मिल रही है। तिकोनिया के गुरूनानकपुरा, नवाबी रोड आदि में भी गुलदार देखा जा चुका है। इसके बाद गुरूवार की रात को गांधीनगर में गुलदार के पानी की टंकी में बैठे होने की अफवाह फैल गई। लेकिन पानी की टंकी पर बैठा गुलदार ही था, इसकी पुष्टि नहीं हो पाई। वहीं गफ्फारी मस्जिद के पास भी गुलदार देखे जाने की चर्चा आम रही, गुलदार आ गया। लेकिन इसकी पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है। गफ्फारी मस्जिद के पास गुलदार दिखने की बात भी कोरी बकवास ही लग रही है।

# एएनके इंटर कालेज में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित

गूलरभोज( उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी छात्रवृत्ति योजना के तहत न्याय पंचायत ग्रामीण स्तर बालिका वर्ग की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई इसमें 8 से 14 वर्ष आयु वर्ग में 30 मी. फ्लाइंग रन 600 मीटर दौड़ बॉल थ्रो बेड एंड रिच शटल रन और स्टैंडिंग ब्रांड जंप प्रतियोगिताओं में दो-दो खिलाड़ियों का चयन किया गया। ए एन के इंटर कॉलेज गूलरभोज में प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य नीरज कुमार मौर्य ने किया। यहां से



प्रत्येक खेल में दो-दो बालिकाओं का चयन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नीरज मौर्य, सीआरसी कुंदनलाल कौशिक, परमजीत सिंह, देव सिंह, प्रेम मेहरा, अमित कुमार गुप्ता, चेतन मेहरा, राजेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

# रूद्रपुर राइजिंग ने आयोजित किया मासिक धर्म स्वच्छता कार्यक्रम

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। किसान राजकीय इंटर कॉलेज लालपुर में गुरुवार को रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन द्वारा मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं को मासिक धर्म,स्वास्थ्य और स्वच्छता, उचित खान पान की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में छात्राओं को नि:शुल्क सेनेटरी पैड वितरित किए गए। इस दौरान स्कूल परिसर में दो दर्जन से अधिक छायादार पौधे भी रोपे गए। जागरूकता कार्यक्रम में राइजिंग फाउंडेशन की महिला अध्यक्ष चंद्र कला राय ने छात्राओं को मासिक धर्म से संबंधित जानकारी दी उन्होंने कहा कि मासिक धर्म एक नेचुरल प्रक्रिया है जिससे घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म का होना कोई अपराध नहीं है और इस दौरान हीन भावना से ग्रसित होने की भी आवश्यकता नहीं है। सदियों से समाज में बैठी हुई भ्रांतियां को मिटाने की जिम्मेदारी आज युवाओं पर है ताकि भविष्य सुरक्षित हो सके। महावारी स्वच्छता से ही कल का भविष्य स्वस्थ और सुरक्षित हो सकता है। महिला राइजिंग अध्यक्ष ने छात्राओं से इस विषय पर खुलकर बात करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, महिलाओं एवं किशोरियों के सेहतमंद जिंदगी व महिला सशक्तिकरण के महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक है। शिक्षा एवं जागरूकता की कमी, पारंपरिक सोच एवं गलत धारणाओं के कारण स्वच्छता संबंधी बुनियादी इंतजामों का अभाव आज महिला व किशोरियों के शिक्षा, सेहत एवं सामाजिक स्थिति को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म के प्रति चुप्पी तोड़ कर छात्राओं और महिलाओं में इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी देहरादून की छात्रा मनन अग्रवाल ने कहा कि मासिक धर्म एक सामान्य प्रक्रिया है जो लड़की के सही विकास का चिन्ह है ।उन्होंने कहा कि मासिक धर्म के दौरान आहार, आरंभ एवं दर्द से राहत के लिए संतुलित भोजन करना चाहिए, जिसमें फल सब्जियां दालें दूध इत्यादि काफी मात्रा में हो। उन्होंने पीरियड्स के दौरान साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना और सेनेटरी नैपकिन का इस्तेमाल करने की सलाह दी। जागरूकता कार्यक्रम में शामिल सौ से अधिक छात्राओं ने हिस्सा लिया,जिन्हें निशुल्क सेनेटरी। पैड वितरित किए गए।बाद में छात्राओं ने स्कूल परिसर में दो दर्जन से अधिक छायादार पौधे रोपे।राइजिंग अध्यक्ष विजय आहूजा ने छात्राओं से इन पौधों की देखभाल अपने छोटे भाई के रूप में करने की अपील की। इस अवसर पर सोनम सिंह, मेरी थापा, अनीता सिंह, रूबी मलिक, ओंकार सिंह ढिल्लो, दीपक अग्रवाल आदि मौजूद थे।



